(v) कृति का कोई भापान्तर करना;

(vi) कृति का कोई अनुकूलन करना;

(vii) कृति के भापान्तर या अनुकूलन के संबंध में ऐसे कार्यों में से कोई करना जो कृति के संबंध में उपखंड (i) से उपखंड (vi) तक में विनिर्दिष्ट हैं;

(ख) किसी कम्प्यूटर प्रोग्राम की दशा में,—

(i) खंड (क) में विनिर्दिष्ट कार्यों में से कोई करना;

(ii) कम्प्यूटर प्रोग्राम की किसी प्रति का विक्रय करना या उसे भाटक पर देना, अथवा विक्रय या भाटक के लिए प्रस्तापित करना, इस बात को ध्यान में लाए बिना कि ऐसी प्रति का पूर्वतर अवसरों पर विक्रय किया गया है या उसे भाटक पर दिया गया है या नहीं;

(ग) किसी कलात्मक कृति की दशा में,—

(i) कृति को किसी सारवान् रूप में पुनरुत्पादित करना, जिसके अंतर्गत दो विमीय कृति की तीन विभाओं में या तीन विमीय कृति की दो विभाओं में चित्रण भी है;

(ii) कृति को सार्वजनिक रूप से संसूचित करना;

(iii) कृति की ऐसी प्रतियां, सार्वजनिक रूप से जारी करना, जो पहले से परिचालन में न हों;

(iv) कृति को किसी चलचित्र फिल्म में सम्मिलित करना;

(v) कृति का कोई अनुकूलन करना;

(vi) कृति के अनुकूलन के संबंध में ऐसे कार्यों में से कोई करना जो कृति के संबंध में उपखंड (i) से उपखंड (iv) तक में विनिर्दिष्ट हैं;

(घ) किसी चलचित्र फिल्म की दशा में,—

(i) फिल्म की प्रति बनाना, जिसके अन्तर्गत फिल्म के भागरूप किसी बिम्ब का फोटो भी है;

(ii) फिल्म की किसी प्रति का विक्रय करना या उसे भाटक पर देना, अथवा विक्रय या भाटक के लिए प्रस्थापित करना, इस बात को ध्यान में लाए बिना कि ऐसी प्रति का पूर्वतर अवसरों पर विक्रय किया गया है या उसे भाटक पर दिया गया है या नहीं;

(iii) फिल्म को सार्वजनिक रूप से संसूचित करना;

(ङ) किसी ध्वन्यंकन की दशा में,—

(i) उसी ध्वन्यंकन को सन्निविष्ट करने वाला कोई अन्य ध्वन्यंकन करना;

(ii) ध्वन्यंकन की किसी प्रति का विक्रय करना या उसे भाटक पर देना, अथवा विक्रय या भाटक के लिए प्रस्थापित करना, इस बात को ध्यान में लाए बिना कि ऐसी प्रति का पूर्वतर अवसरों पर विक्रय किया गया है या उसे भाटक पर दिया गया है या नहीं;

(iii) ध्वन्यंकन को सार्वजनिक रूप से संसूचित करना।

स्पष्टीकरण—इस धारा के प्रयोजनों के लिए ऐसी प्रति के बारे में यह समझा जाएगा कि वह पहले से ही परिचालन में है जिसका एक बार विक्रय किया गया है।'।

धारा 19 का संशोधन।

8. मूल अधिनियम की धारा 19 में, उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधाराएं रखी जाएंगी, अर्थात्:—

"(2) किसी कृति में प्रतिलिप्यधिकार का समनुदेशन ऐसी कृतिकी पहचान करेगा, और समनुदेशित अधिकारों और ऐसे समनुदेशन की कालावधि तथा राज्य क्षेतीय विस्तार को विनिर्दिष्ट करेगा।

(3) किसी कृति में प्रतिलिप्यधिकार के समनुदेशन में, समनुदेशन के चालू रहने के दौरान रचयिता या उसके विधिक वारिसों को संदेय स्वामित्व की रकम भी विनिर्दिष्ट की जाएगी और समनुदेशन पक्षकारों द्वारा परस्पर करार पाई गई अवधि तक पुनरीक्षित विस्तारित या पर्यवसित किए जाने के अधीन होगा।

(4) किसी साहित्यिक, नाट्य या कलात्मक कृति के मामले में या किसी चलचित्र फिल्म या ध्वन्यंकन के मामले में जहां उपधारा (1) के अधीन समनुदिष्ट अधिकारों को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है वहां समनुदेशक के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने ऐसे सभी अन्य अधिकारों को जिन्हें विनिर्दिष्ट रूप में समनुदिष्ट नहीं किया गया है अपने लिए आरक्षित कर रखा हैं।

(5) संगीतात्मक कृतियों के मामले में जहां उपधारा (1) के अधीन समनुदिष्ट अधिकारों को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है वहां समनुदेशक के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने समनुदेशिती को पूर्णतः चलचित्र फिल्म बनाने या ध्वन्यंकन के लिए अपनी कृति के बारे में चलचित्र फिल्म बनाने या ध्वन्यंकन के अधिकार का समनुदेशन किया है और ऐसी संगीतात्मक कृतियों के संबंध में सभी अन्य अधिकारों के बारे में यह समझा जाएगा कि उन्हें स्वयं अपने लिए आरक्षित कर रखा है।

(6) जहां समनुदेशिती समुनेदशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर इस धारा की किसी अन्य उपधाराओं के अधीन उसे समनुदेशित अधिकारों का प्रयोग नहीं करता है वहां ऐसे अधिकारों की बाबत समनुदेशन के बारे में यह समझा जाएगा कि वे उक्त अवधि के अवसान के पश्चात् पर्यवसित हो गए हैं।

(7) यदि समनुदेशन की अवधि बताई नहीं जाती है, तो उसे समनुदेशन की तारीख से पांच वर्ष समझा जाएगा।

(8) यदि अधिकारों के समनुदेशन का राज्यक्षेत्रीय विस्तार विनिर्दिष्ट नहीं किया जाता है, तो यह उपधारणा की जाएगी कि उसका विस्तार भारत के भीतर है।

(9) उपधारा (2), या उपधारा (3) या उपधारा (4) या उपधारा (5) या उपधारा (6) या उपधारा (7) या उपधारा (8) की कोई बात प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रवृत्त होने के पूर्व किए गए समनुदेशों को लागू नहीं होगी।

धारा 19क के स्थान पर नई धारा का प्रतिस्थापन।

9. मूल अधिनियम की धारा 19क के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात्:—

प्रतिलिप्यिधिकार के समनुदेशन की बाबत विवाद।

" 19क. (1) यदि कोई समनुदेशिती उसे समनुदेशित अधिकारों का पर्याप्त प्रयोग करने में असफल हो जाता है, और ऐसी असफलता समनुदेशक के किसी कार्य या लोप के कारण नहीं मानी जा सकती है, तो प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड, समनुदेशक से परिवाद प्राप्त होने पर और ऐसी जांच करने के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, ऐसे समनुदेशन का प्रतिसंहरण कर सकेगा।

(2) यदि किसी प्रतिलिप्यधिकार के समनुदेशन के बारे में कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड, व्यथित पक्षकार से परिवाद प्राप्त होने पर और ऐसी जांच करने के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे, जिसके अंतर्गत संदेय किसी स्वामिस्व की वसूली का आदेश भी है:

परन्तु प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड उस उपधारा के अधीन समनुदेशन का प्रतिसंहरण करने वाला कोई आदेश तब तक पारित नहीं करेगा जब तक उसका यह समाधान न हो जाए कि समनुदेशन के निबंधन, उस दशा में यदि समनुदेशक रचयिता भी है, समनदेशक के प्रति कठोर है:

परन्तु यह और भी कि इस उपधारा के अधीन समनुदेशन के प्रतिसंहरण का कोई आदेश ऐसे समनुदेशन की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के भीतर नहीं किया जाएगा।"।

नई धारा 30क का अंतःस्थापन।

10. मूल अधिनियम की धारा 30 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अन्तः स्थापित की जाएगी, अर्थात्:—

धारा 19 और धारा 19क का लागू होना।

"30क. धारा 19 और धारा 19क के उपबन्ध, किन्हीं आवश्यक अनुकूलनों और उपान्तरणों के साथ, धारा 30 के अधीन अनुज्ञप्ति के संबंध में उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे किसी कृति में प्रतिलिप्यधिकार के समनुदेशन के संबंध में लागू होते हैं।"।

अध्याय 7 के स्थान पर नए अध्याय का प्रतिस्थापन।

11. मूल अधिनियम के अध्याय 7 के स्थान पर निम्नलिखित अध्याय रखा जाएगा, अर्थात्:—

अध्याय 7

प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटियां

प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटियों द्वारा प्रभारों और स्वामित्वों के विवरण दाखिल करना।

33. (1) कोई व्यक्ति या व्यक्ति-संगम प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रवृत्त होने के पश्चात्, किसी ऐसी कृति का बाबत जिसमें प्रतिलिप्यधिकार विद्यमान है, या इस अधिनियम द्वारा प्रवृत्त किन्हीं अन्य अधिकारों की बाबत अनुज्ञप्ति जारी करने या अनुदत्त करने का कोई कारबार, उपधारा (3) के अधीन अनुदत्त रजिस्ट्रीकरण के अधीन या उसके अनुसार ही प्रारम्भ करेगा या चालू रखेगा, अन्यथा नहीं:

परंतु प्रतिलिप्यधिकार का कोई स्वामी अपनी व्यष्टिक हैसियत में अपनी स्वयं की कृतियों के बारे में अनुज्ञप्तियों का अनुदान करने का अधिकार रखे रहेगा:

परंतु यह और कि प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रवृत्त होने के ठीक पूर्व की तारीख को धारा 33 के उपबंधों के अनुसार कार्य करने वाली प्रस्तुतिकरण अधिकार सोसाइटी के बारे में यह समझा जाएगा कि वह इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी है और ऐसी प्रत्येक सोसाइटी प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रारम्भ की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर अपने को रजिस्ट्रीकृत कराएगी।

(2) कोई व्यक्ति-संगम, जो उन शर्तों की पूर्ति करता है, जो विहित की जाएं, उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट कारबार को करने की अनुज्ञा के लिए प्रतिलिप्यधिकार रजिस्ट्रार को आवेदन कर सकेगा जो उस आवेदन को केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(3) केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के अधीन रचयिताओं और अधिकारों के अन्य स्वामियों के हितों का, जनसाधारण के हित और सुविधा का, और विशिष्टतया ऐसे व्यक्तियों के समूहों का, जिनके बारे में यह अत्यधिक संभाव्य है कि वे सुसंगत अधिकारों के बारे में अनुज्ञप्तियां चाहेंगे और आवेदक की योग्यता और वृत्तिक सक्षमता का ध्यान रखते हुए ऐसे व्यक्ति-संगमों को, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो विहित की जाएं, प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के रूप में रजिस्टर कर सकेगी:

परन्तु केन्द्रीय सरकार एक ही वर्ग की कृतियों की बाबत कारबार करने के लिए साधारणतया एक से अधिक प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी रजिस्ट्रीकृत नहीं करेगी।

(4) केन्द्रीय सरकार, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि किसी प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी का प्रबन्ध ऐसी रीति में किया जा रहा है जो संबंधित अधिकारों के स्वामियों के हितों के प्रतिकूल है तो वह ऐसी जांच के पश्चात् जो विहित की जाए, ऐसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण को रद्द कर सकेगी।

(5) यदि केन्द्रीय सरकार की, यह राय है कि संबंधित अधिकारों के स्वामियों के हित में ऐसा करना आवश्यक है, तो वह, आदेश द्वारा, ऐसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण को, जांच के लम्बित रहने के दौरान, एक वर्ष से अनधिक ऐसी अवधि के लिए, जो उपधारा (4) के अधीन ऐसे आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, निलम्बित कर सकेगी और वह सरकार प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के कृत्यों का निर्वहन करने के लिए एक प्रशासक की नियुक्ति करेगी।

प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी द्वारा स्वामी के अधिकारों का प्रशासन ।

34. (1) ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो विहित की जाएं,—

(क) प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी अनुज्ञप्ति जारी करके और अनुज्ञप्ति फीस संगृहीत करके या दोनो प्रकार से किसी कृति में किसी प्राधिकार को प्रशासित करने के लिए अनन्य प्राधिकार किसी अधिकार स्वामी से स्वीकार कर सकेगी; और

(ख) किन्हीं अधिकारों के स्वामी को ऐसा प्राधिकार किसी संविदा के अधीन प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना वापस लेने का अधिकार होगा।

(2) कोई प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी इस बात के लिए सक्षम होगी कि वह किसी ऐसी विदेशी सोसाइटी या संगठन के साथ करार करे जो इस अधिनियम के अधीन अधिकारों के अनुरूप अधिकारों का प्रशासन कर रहा है, ऐसी विदेशी सोसाइटी या संगठन को भारत में उक्त प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी द्वारा प्रशासित अधिकारों का प्रशासन किसी विदेश में सौंपे, या ऐसे विदेशी सोसाइटी या संगठन द्वारा किसी विदेश में प्रशासित अधिकारों का भारत में प्रशासन करने के लिए करार करे:

परन्तु कोई ऐसी सोसाइटी या संगठन भारतीय और अन्य कृतियों में अधिकारों के बीच अनुज्ञपित के निर्बनधनों या संगृहीत फीस के वितरण के बारे में कोई भेदभाव अनुज्ञात नहीं करेगा।

(3) ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो विहित की जाएं, कोई प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी,—

(i) इस अधिनियम के अधीन किहीं अधिकारों की बाबत धारा 30 के अधीन अनुज्ञप्ति दे सकेगी;

(ii) ऐसी अनुज्ञप्तियों के अनुसरण में फीस संगृहीत कर सकेगी;

(iii) अपने स्वयं के लिए कटौती करने के व्यय के पश्चात्, अधिकार क स्वामियों के बीच ऐसी फीस का वितरण कर सकेगी;

(iv) धारा 35 के उपबंधों से संगत कोई अन्य कृत्य कर सकेगी।

प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी द्वारा पारिश्रमिक का संदाय।

34क. (1) यदि केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि कोई प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी किसी कृति के वर्ग के लिए साधारणतः ऐसी कृति में अधिकारों के स्वामियों के अधिकारों को संपूर्ण भारत में प्रशासित कर रही है तो वह उस सोसाइटी को इस धारा के प्रयोजनों के लिए नियुक्त करेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी, अधिकारों के स्वामियों को उन आगमों में से पारिश्रमिक का संदाय करेगी जो उसे प्रतिलिप्यधिकार उपकर अधिनियम, 1993 की धारा 5 के अधीन संदत्त किए जाएंगे।

(3) प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी, ऐसी नियमों के अधीन जो इस निमित्त बनाए जाएं, परिचालन में उस कृति की प्रतियों की संख्या का ध्यान रखते हुए, व्यष्टिक प्रतिलिप्यधिकार स्वामियों को संदेय पारिश्रमिक की मात्रा अवधारित करने के लिए एक स्कीम विरचित करेगी·

परन्तु ऐसी स्कीम में ऐसे अधिकारों के स्वामियों को संदाय निर्बंधित करेगी जिनकी कृतियों का परिचालन स्तर ऐसा हो गया है जिसे प्रतिलिप्यधिकार सोसाईटी ठचित समझती है।

प्रतिलिप्यधिकार सोसाईटी पर अधिकारों के स्वामी द्वारा नियंत्रण।

35. (1) प्रत्येक प्रतिलिप्यधिकार सोसाईटी, इस अधिनियम के अधीन उन अधिकारों के स्वामियों के सामूहिक नियंत्रण के अधीन होगी, (जिनके अधिकार वह प्रशासित करती है, जो इस अधिनियम के अधीन धारा 34 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट किसी विदेशी सोसाईटी या संगठन द्वारा प्रशासित अधिकारों के स्वामी नहीं हैं; और ऐसी रीति से, जो विहित क़ी जाए,—

(क) फीस के संग्रहण और वितरण की अपनी प्रक्रिया के लिए ऐसे अधिकारों के स्वामियों का अनुमोदन प्राप्त करेगी;

(ख) फीस के रूप में संगृहीत किन्हीं रकमों का किसी प्रयोजन के लिए जो अधिकारों के स्वामी को वितरण करने से भिन्न प्रयोजन है, उपयोजन करने के बारे में उनका अनुमोदन प्राप्त करेगी: और

(ग) ऐसे स्वामियों को उनके अधिकारों के प्रशासन के संबंध में अपने सभी क्रियाकलापों से संबंधित नियमित, पूर्ण और विस्तृत जानकारी देगी।

(2) अधिकारों के स्वामियों में वितरित सभी फीसें, जहां तक हो सके, उनकी कृतियों के वास्तविक उपयोग के अनुपात में वितरित की जाएंगी।

विवरणियों और रिपोर्टों का प्रस्तुत किया जाना।

36. (1) प्रत्येक प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी प्रतिलिप्यधिकार रजिस्ट्रार को ऐसी विवरणियां प्रस्तुत करेगी जो विहित की जाएं।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत कोई अधिकारों, स्वयं का यह समाधान करने के प्रयोजन के लिए कि इसके द्वारा प्रशासित अधिकारों के संवंध में सोसाइटी द्वारा संगृहीत फीसों का, अधिनियम के उपबंधों के अनुसार उपयोग या वितरण किया जा रहा है, किसी प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी से कोई रिपोर्ट मांग सकेगा और कोई अभिलेख भी मांग सकेगा।

36क. इस अध्याय की कोई बात किसी कृति में प्रस्तुतिकरण अधिकार सोसाइटी के संबंध में किन्हीं अधिकारों या दायित्वों को, जो प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम, 1993 के प्रारम्भ से पूर्व दिन को या उसके पहले प्रोद्भूत या उपगत हुए हों, प्रभावित नहीं करेगी।"। प्रस्तुतिकरण अधिकार सोसाइटियों के अधिकार और दायित्व।

12. मूल अधिनियम के अध्याय 8 में, "प्रसारण प्राधिकारियों के अधिकार" शीर्षक के स्थान पर "प्रसारण संगठनों और प्रस्तुतीकर्ताओं के अधिकार" शीर्षक रखा जाएगा। अध्याय 8 का संशोधन।

13. मूल अधिनियम के धारा 37 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात्:— धारा 37 के स्थान पर नई धारा का प्रतिस्थापन।

"37. (1) प्रत्येक प्रसारण संगठन को विशेष अधिकार होगा जो उसके प्रसारणों की बाबत 'प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार' के नाम से ज्ञात होगा। प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार।

(2) प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार, उस वर्ष के, जिसमें प्रसारण किया जाता है, ठीक आगामी कलेंडर वर्ष के आरम्भ से पच्चीस वर्ष तक अस्तित्व में रहेगा।

(3) किसी प्रसारण के संबंध में प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार के जारी रहने के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में, जो अधिकार के स्वामी को अनुज्ञप्ति के बिना प्रसारण या उसके किसी सारवान् भाग के संबंध में निम्नलिखित कार्यों में से कोई करता है,—

(क) प्रसारण का पुनः प्रसारण करता है; या

(ख) प्रसारण को सार्वजनिक रूप से किसी प्रभार के संदाय करने पर सुनवाता है या दिखाता है; या

(ग) प्रसारण का ध्वन्यंकन या दृश्यांकन करता है; या

(घ) ध्वन्यंकन या दृश्यांकन का कोई पुनरुत्पादन करता है जहां ऐसी आरंभिक ध्वन्यंकन अनुज्ञप्ति के बिना किया गया है या जहां अनुज्ञप्ति के अधीन किसी ऐसे प्रयोजन के लिए किया गया है जो उस अनुज्ञप्ति द्वारा परिकल्पित नहीं है; या

(ङ) खंड (ग) या खंड (घ) में निर्दिष्ट ऐसा कोई ध्वन्यंकन या दृष्यांकन सार्वजनिक रूप से विक्रय करता है या उसे भाटक पर देता है या ऐसा विक्रय करने या भाटक पर देने के लिए प्रस्थापित करता है,

यह समझा जाएगा कि उसने धारा 39 के उपबंधों के अधीन रहते हुए उस प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार का अतिलंघन किया है।"।

14. मूल अधिनियम की धारा 38 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात्:— धारा 38 के स्थान पर नई धारा का प्रतिस्थापन।

"38 (1) जहां कोई प्रस्तुतकर्ता किसी प्रस्तुतीकरण में उपस्थित होता है या उसमें लगता है वहां उसे ऐसे प्रस्तुतीकरण के संबंध में "प्रस्तुतकर्ता का अधिकार" के नाम से ज्ञात विशेष अधिकार होगा। प्रस्तुतकर्ता का अधिकार।

(2) प्रस्तुतकर्ता का अधिकार उस वर्ष के, जिसमें ऐसा प्रस्तुतिकरण किया जाता है, ठीक आगामी कलेंडर वर्ष के आरंभ से 25 वर्ष तक अस्तित्व में रहेगा।

(3) किसी प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी प्रस्तुतकर्ता के अधिकार के जारी रहने के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जो प्रस्तुतकर्ता की अनुमति के बिना प्रस्तुतीकरण या उसके किसी सारवान भाग के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्य करता है, अर्थात्:—

(क) प्रस्तुतीकरण का ध्वन्यंकन या दृश्यांकन करता है; या

(ख) ऐसे प्रस्तुतीकरण के ध्वन्यंकन या दृश्यांकन को पुनरुत्पादित करता है जो ध्वन्यंकन या दृश्यांकन,—

(i) प्रस्तुतकर्ता की अनुमति की बिना किया गया था; या

(ii) उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए किया गया था जिनके लिए प्रस्तुतकर्ता ने अनुमति दी थी: या

(iii) किसी ऐसे ध्वन्यंकन या दृश्यांकन से जो धारा 39 के अनुसार किया गया था, धारा 39 में निदिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए किया गया था; या

(ग) प्रस्तुतीकरण का प्रसारण करता है, उस प्रसारण के सिवाय जहां ऐसा प्रसारण धारा 39 के अनुसार किए गए ध्वन्यंकन या दृश्यांकन से भिन्न ध्वन्यंकन या दृश्यांकन किया जाता है या पूर्व प्रसारण का, जो प्रस्तुतकर्ता के अधिकार का अतिलंघन नहीं था, उसी प्रसारण संगठन द्वारा पुनःप्रसारण है; या

(घ) सार्वजनिक रूप से ऐसी संसूचना के सिवाय, जो ध्वन्यंकन या दृश्यांकन या किसी प्रसारण द्वारा दी जाती है, प्रस्तुतीकरण सार्वजनिक रूप से प्रसारण द्वारा संसूचना से अन्यथा संसूचना देता है।

धारा 39 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, यह समझा जाएगा कि उसने प्रस्तुतकर्ता के अधिकारों का अतिलंघन किया है।

(4) प्रस्तुतकर्ता द्वारा एक बार अपने प्रस्तुतीकरण को चलचित्र फिल्म में सम्मिलित करने की अनुमति दिए जाने पर, उपधारा (1), उपधारा (2) और उपधारा (3) के उपबंध ऐसे प्रस्तुतीकरण पर आगे लागू नहीं होंगे।"।

धारा 39 के स्थान पर नई धाराओं का प्रतिस्थापन।

15. मूल अधिनियम की धारा 39 के स्थान पर निम्नलिखित धाराएं रखीं जाएंगी, अर्थात्:—

प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार या प्रस्तुतकर्ता के अधिकार का अतिलंघन न करने वाले कार्य।

"39. कोई प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार या प्रस्तुतकर्ता का अधिकार निम्नलिखित द्वारा अतिलंघन किया हुआ नहीं समझा जाएगा—

(क) ध्वन्यंकन या दृश्यांकन करने वाले किसी व्यक्ति के प्राइवेट प्रयोग के लिए या पूर्णतः सद्भाविक पूर्णतः शिक्षण या अनुसंधान के प्रयोजनों के लिए कोई ध्वन्यंकन या दृश्यांकन करना; या

(ख) समसामयिक घटनाओं की या सद्भाविक पुनर्विलोकन, शिक्षण या अनुसंधान का रिपोर्टिंग में किसी प्रस्तुतीकरण या किसी प्रसारण की झलकियों का, जो उचित व्यौहार से सुसंगत हो, प्रयोग या

(ग) ऐसे अन्य कार्य जो किन्हीं आवश्यक अनुकूलनों और उपांतरणों के साथ धारा 52 के अधीन प्रतिलिप्यधिकार का अतिलंघन नहीं बनते हों।

प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार और प्रस्तुतकर्ता के अधिकार को लागू अन्य उपबंध।

39क. धारा 18, 19, 30, 53, 55, 58, 64, 65 और 66, किन्हीं आवश्यक अनुकूलनों और उपांतरों सहित, किसी प्रसारण में प्रसारण पुनरुत्पादन अधिकार और किसी प्रस्तुतीकरण में प्रस्तुतकर्ता के अधिकार की बाबत ऐसे ही लागू होगी जैसी वे किसी कृति में प्रतिलिप्यधिकार की बाबत लागू होती हैः

परन्तु जहां प्रतिलिप्यधिकार या प्रस्तुतकर्ता का अधिकार किसी ऐसी कृति या प्रस्तुतीकरण की बाबत अस्तित्व में है जिसका प्रसारण किया गया है, वहां ऐसे प्रसारण का पुनरुत्पादन करने की कोई अनुज्ञप्ति, यथास्थिति अधिकारों का स्वामी या प्रस्तुतकर्ता अथवा उनमें से दोनों की सहमति के बिना प्रभावी नहीं होगा।"।

16. मूल अधिनियम की धारा 51 में,— धारा 51 का संशोधन।

(1) खंड (क) के उपखंड (ii) के स्थान पर, निम्नलिखित उपखंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(ii) किसी स्थान का उपयोग, उस कृति की संसूचना के लिए किए जाने के लिए, जब ऐसी संसूचना से उस कृति में प्रतिलिप्यधिकार का अतिलंघन होता है, लाभ के लिए अनुज्ञात करता है, उस दशा में सिवाय जब वह यह नहीं जानता था और उसके पास यह विश्वास करने का कोई समुचित आधार नहीं था कि जनता को ऐसी संसूचना प्रतिलिप्यधिकार का अतिलंघन होगा, या";

(2) परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा, अर्थात्:—

"परंतुक उपखंड (iv) की कोई बात, आयातकर्ता के निजी और घरेलू प्रयोग के लिए, किसी कृति की एक प्रति के आयात को लागू नहीं होगी।"।

17. मूल अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (1) में,— धारा 52 का संशोधन।

(1) "निम्नलिखित कार्यों से प्रतिलिप्यधिकार का अतिलंघन नहीं होगा," शब्दों से पूर्व "धारा 52क के उपबंधों के अधीन रहते हुए", शब्द, अंक और अक्षर अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(2) खंड (क) में,—

(i) "कृति का" शब्दों के पश्चात् "जो कम्प्यूटर प्रोग्राम नहीं हैं," शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(ii) उपखंड (i) के स्थान पर निम्नलिखित उपखंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(i) निजी उपयोग, जिसके अंतर्गत अनुसंधान है, के प्रयोजनों के लिए;";

(3) खंड (क) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्—

"(कक) प्रतियां बनाना या किसी कम्प्यूटर प्रोग्राम का ऐसे कम्प्यूटर प्रोग्राम की प्रति के विधिपूर्ण कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा, प्रति से अनुकूलन—

(i) जिससे कि कम्प्यूटर प्रोग्राम का उस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सके जिसके लिए इसका प्रदाय किया गया था; या

(ii) कम्प्यूटर प्रोग्राम का केवल उस प्रयोजन के लिए जिसके लिए उसका प्रदाय किया गया था, उपयोग करने के लिए, हानि, नुकसान या क्षति से एकमात्र अस्थायी संरक्षण के रूप में पृष्ठगत प्रतियां तैयार करने के लिए;";

(4) खंड (झ) में, अंत में, "या किसी चलचित्र फिल्म या ध्वन्यंकन के ऐसे श्रोताओं को संसूचना" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(5) खंड (या) और (ट) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे,—

"(ञ) किसी साहित्यिक, नाट्य या संगीतात्मक कृति की बाबत ध्वन्यंकन तैयार करना, यदि—

(i) उस कृति का ध्वन्यंकन उस कृति में अधिकारों के स्वामी द्वारा या उसकी अनुज्ञप्ति या सहमति से किया गया है;

(ii) ध्वन्यंकन करने वाले व्यक्ति ने ध्वन्यंकन करने के अपने आशय की सूचना दे दी है, ऐसे सभी आवेष्टकों या लेबलों की प्रतियां उपलब्ध करा दी हैं जिनके साथ ध्वन्यंकनों का विक्रय किया जाना है, और उस कृति में अधिकारों के स्वामी को, अपने द्वारा बनाए जाने वाले ऐसे सभी ध्वन्यंकनों की बाबत स्वामित्वों का, इस निमित्त प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड द्वारा नियत दर पर संदाय विहित रीति में कर दिया है:

परन्तु—

(i) ऐसा कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा जो अधिकारों के स्वामी द्वारा या उसकी सहमति से पहले नहीं किया गया है या जो ध्वन्यंकन करने के प्रयोजन के लिए कृति के अनुकूलन के लिए युक्तियुक्त रूप से आवश्यक नहीं है;

(ii) ध्वन्यंकन पैकेज के किसी ऐसे रूप में या किसी ऐसे लेबल के साथ जारी नहीं किया जाएगा जिससे उसकी पहचान के बारे में जनता को भ्रम या भ्रांति पैदा होने की संभावना है;

(iii) ऐसा कोई ध्वन्यंकन उस वर्ष की समाप्ति के पश्चात् जिसमें उस कृति का प्रथम ध्वन्यंकन किया गया था, दो कलैण्डर वर्षों की समाप्ति तक नहीं किया जाएगा; और

(iv) ऐसा ध्वन्यंकन करने वाला व्यक्ति अधिकारों के स्वामी या उसके सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता या प्रतिनिधि को ऐसे ध्वन्यंकन से संबंधित सभी अभिलेखों और लेखा बहियों का निरीक्षण करने के लिए अनुज्ञात करेगा:

परन्तु यह और कि यदि प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड के समक्ष इस आशय की शिकायत की जाती है कि अधिकारों के स्वामी को इस खंड के अनुसरण में किए जाने के लिए तात्पर्यित किसी ध्वन्यंकन के लिए पूर्ण रूप से संदाय नहीं किया गया है और प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड का, प्रथमदृष्टया यह समाधान हो जाता है कि शिकायत सही है तो वह ऐसे ध्वन्यंकन करने वाले व्यक्ति को एक पक्षीय आदेश द्वारा अग्रिम प्रतियों के उत्पादन न करने का निदेश दे सकेगा और वह ऐसी जांच करने के पश्चात्, जो वह आवश्यक समझे, ऐसा और आदेश करेगा जो वह ठीक समझे, जिसके अंतर्गत स्वामित्व के संदाय के लिए आदेश भी है;

(ट) ध्वन्यंकन का, उसके उपयोग द्वारा—

(i) ऐसे निवासी परिसरों में, निवासियों के सामान्य प्रयोग के लिए तात्पर्यित किसी संलग्न कमरे या हाल में (जो होटल या इसी प्रकार का वाणिज्यिक स्थापन नहीं है) अनन्यतः या मुख्यतः वहां के निवासियों के लिए उपलब्ध की गई सुख-सुविधाओं के भाग के रूप में सार्वजनिक रूप से सुनवाना, या

(ii) किसी कल्ब या इसी प्रकार के संगठन के, जो लाभ के लिए स्थापित या संचालित नहीं है, क्रियाकलाप के भाग के रूप में सार्वजनिक रूप से सुनवाना;";

(6) खंड (ध) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा; अर्थात्:—

"(ध) किसी वास्तु कृति का रंगचित्र, रेखाचित्र, उत्कीर्णन या फोटोग्राफ बनाना या प्रकाशित करना अथवा किसी वास्तु कृति का प्रदर्शन करना;"

(7) खंड (ब) का लोप किया जाएगा;

(8) खंड (म) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"(य) किसी प्रसारण संगठन द्वारा किसी ऐसी रचना की, जिसके प्रसारण का उसे अधिकार है, किसी प्रसारण संगठन द्वारा क्षणिक रिकार्ड करना, अपने प्रसारण के लिए अपनी सुविधाओं का प्रयोग करना; और उसके असाधारण स्वरूप के आधार पर पुरातत्वीय प्रयोजनों के लिए ऐसे रिकार्ड को प्रतिधारित रखना;

(यक) किसी सद्भाविक धार्मिक उत्सव के या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा आयोजित किसी सरकारी उत्सव के दौरान साहित्यिक नाट्य या संगीतात्मक प्रकृति का प्रस्तुतीकरण या ऐसी कृति की या किसी ध्वन्यंकन की जनता को संसूचना।

स्पष्टीकरण—इस खंड के प्रयोजनों के लिए, धार्मिक उत्सव के अंतर्गत बारात और विवाह से संबद्ध अन्य सामाजिक उत्सव भी हैं।"।

18. मूल अधिनियम की धारा 52क के पश्चात् निम्नलिखित धाराएं अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात्:— नई धारा 52ख और 52ग का अंतःस्थापन।

"52ख. निम्नलिखित दशाओं में, अर्थात्:— धारा 34क के अध्यधीन कृषि का पुनरुत्पादन।

(i) धारा 52 के अधीन विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिए, रेप्रोग्राफी उपस्कर के माध्यम से किसी कृति का पुनरुत्पादन;

(ii) धारा 52 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिए, उस धारा की उपधारा (1) के खंड (य) के अधीन ध्वन्यंकन करने के सिवाय, टेप रिकार्डर या वीडियो कैसेट रिकार्डर या तत्समान उपस्कर के माध्यमों द्वारा किसी ध्वन्यंकन या चलचित्र का पुनरुतपादन,

धारा 34क के उपबन्धों के अधीन ऐसी कृति में अधिकारों के स्वामियों को पारिश्रमिक का संदाय करने के अधीन होगा।

52ग. (1) धारा 34क के अधीन नियुक्त प्रत्येक प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी उचित लेखा और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगी और लेखाओं का एक वार्षिक विवरण, जिसके अंतर्गत आय और व्यय तथा प्रतिलिप्यधिकार उपकर अधिनियम, 1993 के अधीन केन्द्रीय सरकार से प्राप्त संसदायों में से अधिकारों के व्यष्टिक स्वामियों को संदत्त पारिश्रमिक की मात्रा भी है, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तैयार करेगी जो केन्द्रीय सरकार भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परामर्श करके विहित करे। लेखा और संपरीक्षा।

(2) प्रत्येक प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के केन्द्रीय सरकार से प्राप्त संदायों के संबंध में, लेखाओं की संपरीक्षा भारत का नियंत्रक-महालेखापरीक्षक ऐसे अन्तरालों पर, जो उसके द्वारा विहित किए जाएं, करेगा और उस संपरीक्षा के संबंध में उपगत कोई व्यय प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी द्वारा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को संदेय होगा।

(3) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के तथा उपधारा (2) में निर्दिष्ट प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति के उस संपरीक्षा के सबंध में वे ही अधिकार और विशेषाधिकार तथा प्राधिकार होंगे जो नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के सरकारी लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में होते हैं और उसे विशिष्टतया बही, लेखे और अन्य दस्तावेज तथा कागज पत्र पेश किए जाने की मांग करने और केवल ऐसी संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी के किसी भी कार्यालय का निरीक्षण करने का अधिकार होगा।

(4) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा या इस निमित्त उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यथाप्रमाणित प्रत्येक प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटियों के लेखे, उनकी संपरीक्षा रिपोर्ट के साथ हर वर्ष केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित किए जाएंगे और वह सरकार उन्हें संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगी।"।

19. अध्याय 11 में मूल अधिनियम की धारा 53 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:— नई धारा 53क का अंतःस्थापन।

"53क. (1) किसी रंगचित्र, मूर्ति या रेखाचित्र की मूल प्रति या किसी साहित्यिक नाट्य कृति या संगीतात्मक कृति के पांडुलिपि के दस हजार रुपए से अधिक मूल्य पर पुनः विक्रय की दशा में ऐसी कृति का रचयिता, यदि वह धारा 17 के अधीन प्रतिलिप्यधिकार का प्रथम स्वामी है या उसके उत्तराधिकारी, ऐसी कृति में प्रतिलिप्यधिकार के किसी समनुदेशन के होते हुए भी, इस धारा के उपबंधों के अनुसार, ऐसी मूल प्रति या पांडुलिपि के पुनःविक्रय की कीमत में अंश प्राप्त करने के अधिकारी होंगे: मूल प्रतियों में पुनः विक्रय अंश अधिकार।

परन्तु ऐसा अधिकार कृति में प्रतिलिप्यधिकार की अवधि की समाप्ति पर अस्तित्व में नहीं रहेगा।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट अंश उतना होगा जो प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड नियत करे और इस बाबत उसका विनिश्चय अंतिम होगा:

परन्तु यह भी कि प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड, कृति के विभिन्न वर्गों के लिए भिन्न-भिन्न अंश नियत कर सकेगा:

परन्तु यह और कि किसी भी दशा में अंश पुनः विक्रय की कीमत के दस प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(3) यदि इस धारा द्वारा प्रदत्त अधिकार से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो वह प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड को निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा।"।

धारा 57 का संशोधन।

20. मूल अधिनियम की धारा 57 की उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रखी जाएगी, अर्थात्:—

"(1) रचयिता के प्रतिलिप्यधिकार से पृथक रूप में और उक्त प्रतिलिप्यधिकार के पूर्णतः या भागतः समनुदेशन के पश्चात् भी, किसी कृति के रचयिता को—

(क) उस कृति का रचियता होने का दावा करने का; तथा

(ख) उक्त कृति को किसी प्रकार विरूपित करने, विकृत करने या अन्यथा उपांतरित करने या अन्य कार्य करने के संबंध में अवरुद्ध करने या नुकसानी का दावा करने का, यदि ऐसा प्रतिलिप्यधिकार की अवधि की समाप्ति के पहले किया गया है, यदि ऐसा विरूपण, विकृत करना, उपांतरण या अन्य कार्य, जिसका उसकी प्रतिष्ठा या ख्याति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हो,

अधिकार होगाः

परन्तु यह कि रचयिता को कम्प्यूटर कार्यक्रम के किसी अनुकूलन के संबंध में, जिसे धारा 52 की उपधारा (1) का खंड (कक) लागू होता है, अवरुद्ध करने या नुकसानी का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

स्पष्टीकरण—रचयिताओं की तुष्टि के लिए किसी कृति के प्रदर्शन में असफलता या उसका प्रदर्शन इस धारा द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।"।

धारा 63 का संशोधन।

21. मूल अधिनियम की धारा 63 में,—

(1) खंड (ख) में प्रारम्भ में "धारा 53क द्वारा प्रदत्त अधिकार को छोड़कर," शब्द "इस अधिनियम" शब्दों के पूर्व अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(2) परन्तुक में "परन्तुक" शब्द के पश्चात् "जहां अतिलंघन व्यापार या कारबार के अनुक्रम में अभिलाभ के लिए नहीं किया गया है वहां" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

धारा 63क का संशोधन।

22. मूल अधिनियम की धारा 63क के प्रथम परन्तुक में "परन्तु," शब्द के पश्चात् "जहां अतिलंघन, व्यापार या कारबार के अनुक्रम में अभिलाभ के लिए नहीं किया गया है वहां" शब्द अंतस्थापित किए जाएंगे।

नई धारा 63ख और धारा 63ग का अंतःस्थापन।

23. मूल अधिनियम की धारा 63क के पश्चात् निम्नलिखित धाराएं अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात्:—

प्रतिलिप्यधिकार उपकर अधिनियम के अधीन उद्गृहीत उपकर के असंदाय के लिए दंड।

"63ख (1) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 और सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 में किसी बात के होते हुए भी, प्रतिलिप्यधिकार उपकर अधिनियम, 1993 के अधीन और उपकर के असंदाय को इस अधिनियम के अधीन अपराध समझा जाएगा और धारा 63 और धारा 63क के उपबन्ध लागू होंगे; 1944 का 1 1962 का 52

(2) कोई न्यायालय उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का संज्ञान, धारा 34क के अधीन नियुक्त प्रतिलिप्यधिकार सोसायटी द्वारा किए गए परिवाद पर ही करेगा, अन्यथा नहीं।

कम्प्यूटर प्रोग्राम की अतिलंघन करने वाली प्रति का जानबूझ कर प्रयोग करना अपराध होगा।

63ग. कोई व्यक्ति जो कम्प्यूटर पर किसी कम्प्यूटर प्रोग्राम की अतिलंघनकारी प्रति का जानबूझकर प्रयोग करेगा वह कारावास से जिसकी अवधि एक मास से कम नहीं होगी किन्तु जो तीन वर्ष तक हो सकेगी और जुर्माने से जो पचास हजार रुपए से कम नहीं होगा किन्तु जो दो लाख रुपए तक हो सकेगा, दण्डनीय होगाः

परन्तु जहां कम्प्यूटर प्रोग्राम का प्रयोग किसी अभिलाभ के लिए या व्यापार या कारबार के अनुक्रम में नहीं किया गया है, वहां न्यायालय, उचित और विशेष कारणों से, जिनका उल्लेख निर्णय में किया जाएगा, कारवास का कोई दण्डादेश अधिरोपित न करे और जुर्माने को जो पचास हजार रुपए तक हो सकेगा, अधिरोपित कर सकेगा।"।

धारा 78 का संशोधन।

24. मूल अधिनियम की धारा 78 की उपधारा (2) में—

(i) खंड (ग) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

"(गक) धारा 33 की उपधारा (2) के अधीन आवेदन प्रस्तुत करने की शर्तें;

(गख) वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए कोई प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी धारा 33 की उपधारा (3) के अधीन रजिस्ट्रीकृत की जा सकेगी;

(गग) धारा 33 की उपधारा (4) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के लिए जांच;

(गघ) वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी धारा 34 की उपधारा (1) के खंड क के अधीन प्राधिकार स्वीकार कर सकेगी और वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए अधिकारों के स्वामियों को उस उपधारा के खंड (ख) के अधीन ऐसे प्राधिकार से प्रतिसंहरण करने का अधिकार होगा;

(गङ) वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए कोई प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी अनुज्ञप्तियां दे सकेगी, फीस संगृह कर सकेगी और ऐसी फीस को अधिकारों के स्वामियों में धारा 34 की उपधारा (3) के अधीन वितरित कर सकेगी;

(गच) वह रीति जिससे अधिकारों के स्वामियों को फीस के संग्रहण और वितरण की बावत अनुमोदन, फीस के रूप में संग्रह की गई किसी रकम का उपयोग करने का अनुमोदन और धारा 35 की उपधारा (1) के अधीन उनके अधिकारों के प्रशासन की बावत क्रियाकलापों से संबंधित जानकारी का ऐसे स्वामियों को उपबंध करने का अनुमोदन अभिप्राप्त किया जा सकेगा;

(गछ) वे विवरणियां जो प्रतिलिप्यधिकार के रजिस्ट्रार को प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटियों द्वारा धारा 36 की उपधारा (1) के अधीन दाखिल की जाएगी;";

(ii) खंड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्—

"(घक) धारा 52 की उपधारा (1) के खंड (ञ) के अधीन स्वामित्व के संदाय की रीति;

(घख) वह प्रारूप जिसमें और वह रीति जिससे प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटी लेखा और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगी तथा लेखाओं के वार्षिक विवरण तैयार करेगी और वह रीति जिससे धारा 52ग की उपधारा (1) के अधीन अधिकारों के व्यष्टिक स्वामी को पारिश्रमिक की कोई मात्रा संदत्त की जाएगी।"।

परिशिष्ट एक

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 2)

विधेयक को संयुक्त समिति को भेजने हेतु लोक सभा में प्रस्ताव

"कि प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 में आगे संशोधन करने हेतु विधेयक दोनों सदनों की 45 सदस्यों वाली एक संयुक्त समिति को सौंपा जाए जिनमें से 30 सदस्य इस सभा के होंगे, नामतः—

1. श्री ई॰ अहमद
2. श्री आननद अहिरवार
3. डा॰ फैयाजुल आजम
4. श्री अवतार सिंह भडाना
5. श्रीमती दिलकुमारी भण्डारी
6. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
7. श्री प्रबीन डेका
8. श्री शरद दिघे
9. मोहम्मद अली अशरफ फातमी
10. श्री इम्चालम्बा
11. श्री जय प्रकाश
12. श्री श्याम लाल कमल
13. श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
14. श्री एन॰ कृष्ण स्वामी
15. कुमारी पदमश्री कुडुमुला
16. श्री वी॰ धनजंय कुमार
17. प्रो॰ (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
18. श्री बीर सिंह महतो
19. श्री साईमन मरान्डी
20. श्री जनार्दन मिश्र
21. श्रीमती गीता मुखर्जी
22. श्री रूपचन्द पाल
23. श्री हरपाल पंवार
24. श्री रामेश्वर पाटीदार
25. डा॰ आर॰ के॰ जी॰ राजुलु
26. श्री एन॰ जे॰ राठवा
27. श्री भगवान शंकर रावत
28. श्री के॰ जी॰ शिवप्पा
29. श्री पी॰ सी॰ थामस
30. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

और 15 सदस्य राज्य सभा से हैं:—

कि समिति की बैठक चलाने के लिए गणपूर्ति संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई होगी;

कि समिति शीतकालीन सत्र, 1992 के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपना प्रतिवेदन इस सभा को प्रस्तुत करेगी;

कि संसदीय समितियों से सम्बन्धित इस सभा के प्रक्रिया संबंधी नियम ऐसी विभिन्नताओं और परिवर्तनों के साथ जैसे कि अध्यक्ष करते हैं, लागू होंगे; और

कि यह सभा, राज्य सभा से यह सिफारिश करती है कि राज्य सभा भी उक्त संयुक्त समिति में शामिल हो और राज्य सभा इस संयुक्त समिति में नियुक्त किए जाने वाले 15 सदस्यों के नाम इस सभा को भेजे।''

परिशिष्ट दो

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 3)

विधेयक के संयुक्त समिति को भेजने हेतु राज्य सभा में प्रस्ताव

"कि यह सभा, लोक सभा की इस सिफारिश से सहमत है कि राज्य सभा को प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 में आगे और संशोधन करने हेतु सभा की संयुक्त समिति में शामिल होना चाहिए और यह प्रस्ताव पारित करती है कि उक्त संयुक्त समिति में राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को नाम-निर्दिष्ट किया जाये।

1. डा० बलदेव प्रकाश
2. डा० नौनिहाल सिंह
3. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल
4. श्री दिनेश भाई त्रिवेदी
5. डा० आर० के० पोद्दार
6. डा० संजय सिंह
7. श्री एस० विदुतल्लै विरूम्भि
8. श्री विश्वजित पी० सिंह
9. श्री सैय्यद सिब्ते रजी
10. श्री मदन भाटिया
11. श्रीमती वीणा वर्मा
12. श्री बी० के० हरिप्रसाद
13. श्री इकबाल सिंह
14. श्री जी० स्वामीनाथन
15. श्री सुब्रह्मणयम स्वामी

उपरोक्त प्रस्ताव राज्य सभा की गुरुवार, दिनांक 20 अगस्त, 1992 को हुई बैठक में पारित किया गया था।

परिशिष्ट तीन

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 8)

उन संघों/संगठनों/व्यक्तियों आदि की सूची जिनसे संयुक्त समिति को ज्ञापन प्राप्त हुए थे

डा० के० वी० पदमनाभन,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
इंडियन फेडरेशन अगेंस्ट साफ्टवेयर थेफ्ट,
मुम्बई-400001

2. श्री एस० के० दत्त,
एडवोकेट,
एल०एस०डावर एण्ड कम्पनी,
पेटेंट एण्ड ट्रेड मार्क अटार्नी,
नई दिल्ली-110019

3. श्री ए० डी० रापोसो,
इंडियन फेडरेशन अगेंस्ट साफ्टवेयर थेफ्ट,
मुम्बई-400001

4. श्री संजय टंडन,
महाप्रबंधक,
द इंडियन परफार्मिंग राइट सोसाइटी लि०,
मुम्बई

5. श्री सुरेन्द्र मलिक,
सम्पादक प्रकाशन,
इस्टर्न बुक कम्पनी,
लखनऊ-226001

6. डा० एस० के० शर्मा,
द्वारा रमेश कुमार शर्मा,
एसोसिएटेड प्रोफेसर,
प्लास्टिक सर्जरी विभाग,
पी० जी० टी० चंडीगढ़-160012

7. श्री जे० एस० कोहली,
प्रेसीडेंट,
केबल नेटवर्क्स एसोसिएशन
नई दिल्ली-110016

8. श्रीमती वीणा वर्मा, संसद सदस्य,
4, सफदरजंग लेन,
नई दिल्ली-110011

9. प्रो॰ के॰ पोन्नूस्वामी,
औद्योगिक सम्पदा कानून के प्रोफेसर,
38/11 प्रोबिन रोड,
यूनिवर्सिटी फ्लैट्स,
दिल्ली-110007

10. श्री के॰ संतोष,
(रीडर),
यूनिवर्सिटी कालेज आफ लॉ
आन्ध्रा विश्वविद्यालय,
वाल्टेयर, विशाखापत्तनम-530003

11. श्री नरेन्द्र नाथ,
कार्यकारी निदेशक,
दी फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स,
नई दिल्ली

12. श्री आर॰ सी॰ अग्रवाल,
सेवानिवृत्त, प्रिंसिपल,
अरूण भवन, न्यू रेलवे रोड,
गुड़गांव-122001 (हरियाणा)

13. श्री चतुर्भुज,
(लेखक),
106, कृष्णा नगर,
पटना-800001

14. श्री राजेन्द्र अवस्थी,
महासचिव,
आथर्स गिल्ड आफ इण्डिया,
नई दिल्ली

15. श्री रामचन्द्र दास,
अवैतनिक महासचिव,
वेस्टर्न इंडिया सिनेमेटोग्राफर्स एसोसिएशन,
मुम्बई

16. श्री तेज नाथ जार,
उपाध्यक्ष,
फिल्म राइटर्स एसोसिएशन,
मुम्बई

17. श्री जाफरी जे॰ हार्डिया,
मोशन पिक्चर्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन ऑफ अमेरिका,
आई॰ एन॰ सी॰ 0706 युनाइटेड स्कवायर,
101, थामस रोड,
सिंगापुर-1130

18. श्री पी॰ के॰ बोस,
अध्यक्ष,
फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया,
मुम्बई

19. श्री वी॰ गोपालकृष्णा,
अधिवक्ता,
पेटेंट एंड ट्रेड मार्क एटोर्नी
कंपनी लॉ कन्सलटेंट
श्री हर्पा बिल्डिंग, 122, छठा क्रास, गांधी नगर,
बंगलौर-560009

20. श्री एस॰ शीडोर,
सचिव,
दी इंडियन फोनोग्राफिक इन्डस्ट्री,
2, रिप्पन स्ट्रीट,
कलकत्ता-700016

21. श्री मधुसूदन,
महासचिव,
आल इंडिया फिल्म एमप्लाइज कन्फेडरेशन,
मुम्बई

22. श्री टी॰ एस॰ राणा,
अधिवक्ता,
दिल्ली उच्च न्यायालय,
दिल्ली

23. श्री हरदेव सिंह,
उपाध्यक्ष,
एडवर्टाइजिंग एण्ड इंडस्ट्रियल फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया,
नई दिल्ली

24. श्री बी॰ ए॰ थिराजा,
अध्यक्ष,
सांइटिफिक एण्ड टेक्नीकल आर्थस (इण्डिया),
दिल्ली

25. श्री राम प्रसाद शर्मा,
सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक,
वार्ड, ग्यारह,
काठुआ-184701

26. डा॰ वी॰ बी॰ काऊंटिने,
युनिवर्सिटी लॉ कालेज,
प्लेस रोड,
बंगलौर-560009

27. श्री एन॰ एस॰ गोपालकृष्णन,
नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया,
यूनिवर्सिटी नागर भावी,
पोस्ट बाक्स नं॰ 7201,
बंगलौर-560072

28. प्रो॰ पी॰ वी॰ बोले,
ए-15—58, सिद्धार्थ नगर-2,
मुम्बई-400062

29. श्री अबुल हसन,
निदेशक,
एफ्रो एशियन बुक काउंसिल,
नई दिल्ली

30. श्री वी० पी० राऊरी,
निदेशक,
स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर,
नई दिल्ली

31. श्री धीरज लाल एन० शाह,
अध्यक्ष,
एसोसिएशन ऑफ विडियो-राइट्स ओनर्स ऑफ इंडिया,
मुम्बई

32. श्री एम० एम० लूथर,
महासचिव,
फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्री,
नई दिल्ली

33. श्रीमती कमला जैन,
विभागाध्यक्ष,
हामीदिया विश्वविद्यालय,
भोपाल

34. श्री खीम राम आर्य धीरज, "धीरज",
शिक्षा विभाग,
ग्राम-सिमटौली,
अल्मोड़ा, (उ०प्र०)

35. श्री हरिहर चतुर्वेदी,
अधिवक्ता,
आरती वीडियो टूर,
मध्य प्रदेश-484110

36. श्री सत्यनारायण वशिष्ट,
संगीतकार,
सी०/420, प्रेम नगर, दयालबाग,
आगरा

37. श्री एस० रामैय्या,
अधिवक्ता तथा भूतपूर्व सचिव, भारत सरकार,
विधि और न्याय मंत्रालय,
बी०-5/162 सफदरजंग एनक्लेव,
नई दिल्ली-110029

38. श्री बन्नी रुबेन,
72, सिल्वर बीच सूर्यरंघी,
सभागृह मार्ग, कोड्डुल रोड,
दादर, (मुम्बई)

39. श्री प्रवीण आनन्द,
आनन्द एंड आनन्द एडवोकेट्स,
1, जयपुर इस्टेट, निजामुद्दीन, (पूर्व),
नई दिल्ली

40. श्री भूषण जैन,
सचिव,
दी इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी,
नई दिल्ली

41. श्री जे॰ एलोक्सिस जैग्लर,
दी इंटरनेशनल कन्फेडरेशन ऑफ सोसायटीज ऑफ आथर्स एंड कम्पोजर्स, (सी॰आई॰एस॰ए॰एस॰),
ली, सेक्रीटेरिटेयर जनरल,
1943-जे2/सी॰ पांच,
पेरिस

42. श्री बी॰ पी॰ वेंकटसुब्रमण्यन,
चेयरमेन,
कॉपीराइट बोर्ड,
मद्रास

परिशिष्ट चार

(देखिये प्रतिवेदन का पैरा 10)

उन साक्षियों की सूची जिन्होंने संयुक्त समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य दिया

1.	(एक) श्री शीप बी॰ पटेल (दो) श्री के॰ वी॰ एच॰ पद्मनाथन (तीन) श्री जे॰ सागर,	इंडियन फेडरेशन अगेन्स्ट सॉफटवेयर, थेफ्ट बलसारा हाऊस, 41-45, नागिनदास मास्टर रोड, मुम्बई-400001
2.	(एक) श्री डी॰ एन॰ मल्होत्रा (दो) श्री कान्ति चौधरी (तीन) श्री नरेन्द्र नाथ (चार) श्री विश्वनाथ (पांच) श्री मोहन प्रिमलानी,	दी फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स 18/1सी, इन्स्टीट्यूशनल एरिया (जे॰एन॰ यू॰ के पास) नई दिल्ली-110067
3.	(एक) श्री जे॰ सी॰ बत्रा (दो) श्री राजेन्द्र अवस्थी (तीन) श्री एच॰ एल॰ कौल,	आथर्स गिल्ड ऑफ इण्डिया, एफ/12, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110014
4.	(एक) श्री जे॰ एस॰ कोहली (दो) श्री राजन कपूर (तीन) श्री राकेश दत्ता (चार) श्री उमेश कक्कर (पांच) श्री नरेन्द्र नरूला,	केबल नेटवर्क एसोसिएशन, एस-10, पहली मंजिल, ग्रीन पार्क (मेन) नई दिल्ली
5.	श्री एस॰ रामैय्या,	अधिवक्ता तथा भूतपूर्व सचिव, भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय, बी-5/62, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली
6.	श्री प्रवीण आनन्द,	आनन्द एण्ड आनन्द एडवोकेट्स, 1, जयपुर इस्टेट, निजामुद्दीन (पूर्व) नई दिल्ली
7.	(एक) श्री भूपण जैन (दो) श्री यूनुस दहलवी (तीन) श्री परेश नाथ,	दी इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी, आई॰ एन॰ एस॰ बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

8.	(एक) श्री पी० चन्द्रा (दो) श्री एस० शिडोर (तीन) श्री एच० एस० आनन्द (चार) श्रीमती बी० बी० छिब,	दी इणिडयन फोटोग्राफिक इंडस्ट्री, 2, रिप्पन स्ट्रीट कलकत्ता-700016
9.	(एक) श्री नौशाद अली (दो) श्री संजय टंडन (तीन) श्री हसन कमाल (चार) श्री राजीव शर्मा,	दी इण्डियन परफार्मिंग राईट सोसायटी लि०, 17 दालामल टावर्स, नरीमन पाईंट, मुम्बई-400021
10.	(एक) श्री पी० के० बोस (दो) श्री के० डी० शौरी,	फिल्म फेडरेशन आफ इंडिया, 91, वाकेश्वर रोड, मुम्बई-400006
11.	श्री सतीश भटनागर,	दी फिल्म राइटर एसोसिएशन, 119, दादासाहेब फालके रोड, रंजीत स्टुडियो, दादर, मुम्बई-400014
12.	श्री रामचन्द्र दास।	वेस्टर्न इण्डियन सिनिमेटोग्राफर्स एसोसिएशन, श्री साऊंड स्टूडियोज कम्पाउंड, 10, गोकुलदास पस्ता रोड, मुम्बई-400014

परिशिष्ट पांच

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति की बैठकों का कार्यवाही सारांश

एक. पहली बैठक

15.9.1992

समिति की बैठक मंगलवार, 15 सितम्बर, 1992 को 11.00 बजे से 12.30 बजे तक समिति कमरा सं० "डी" संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी—सभापति

सदस्य

2. श्री ई० अहमद
3. डा० एफ आजम
4. श्रीमती दिलकुमारी भंडारी
5. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
6. श्री प्रबीन डेका
7. श्री शरद दिघे
8. श्री इम्चालम्बा
9. श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
10. श्री एम० कृष्णास्वामी
11. श्री वी० धनन्जय कुमार
12. श्री बीर सिंह महतो
13. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
14. श्री रूपचंद पाल
15. श्री रामेश्वर पाटीदार
16. श्री एन० जे० राठवा
16. श्री भगवान शंकर रावत
18. श्री पी० सी० थामस
19. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल
20. श्री दिनेश भाई त्रिवेदी
21. डा० आर० के० पोद्दार
22. श्री एस० विडुतलै विरुम्भी
23. श्री विश्वजीत पी० सिंह
24. श्री मदन भाटिया
25. श्री बी० के० हरिप्रसाद

26. श्री इकबाल सिंह

27. श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी

सचिवालय

श्री आर० के० चटर्जी—उप सचिव

श्री डी० एल० कपूर—अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि)

1. श्री एस० वी० गिरि—सचिव

2. श्री जगदीश सागर—संयुक्त सचिव

3. श्री एम० सी० जोशी—निदेशक

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुबीर सिंह —संयुक्त सचिव, विधायी सलाहकार

2. श्री एस० पी० कंवल—उप विधायी सलाहकार

2. प्रारंभ में, सभापति ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया तथा प्रस्तावित विधायी उपायों की पृष्ठभूमि तथा महत्व और समिति के समक्ष कार्य का उल्लेख किया। उन्होंने समिति की भविष्य की बैठकों तथा कार्यकरण के लिए कार्यक्रम तैयार करने पर बल दिया।

3. संक्षिप्त चर्चा के बाद, समिति ने निर्णय लिया कि प्रेस प्रकाशनी (अनुबंध) जारी की जाए जिसमें विधेयक के प्रावधानों के संबंध में सरकारी निकायों, संगठनों, संघों, वकील-समुदाय परिषदों, लेखकों, प्रकाशकों, पत्रकारों, व्यक्तियों आदि से 16 अक्तूबर, 1992 तक टिप्पणियां/सुझाव युक्ति ज्ञापन मंगाए जाएं सदस्यों ने इच्छा व्यक्त की कि प्रेस प्रकाशनी की विषय-वस्तु का प्रादेशिक भाषा के समाचार पत्रों सहित राष्ट्रीय समाचार पत्रों में तथा दूरदर्शन/आकाशवाणी के द्वारा व्यापक प्रचार किया जाए।

4. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि एक परिपत्र सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/वकील समुदाय परिषदों/अन्य सामाजिक संगठनों तथा विशेषज्ञों को भेजा जाए जिसमें विधेयक के संबंध में उनसे टिप्पणियां और सुझाव मांगे जाएं।

5. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय से संगठनों/ संघों, लेखकों, प्रकाशकों, पत्रकारों, व्यक्तियों तथा विशेषज्ञों, जिनके विचार प्राप्त करने हैं, की विस्तृत सूची भेजने का अनुरोध किया जाए।

6. समिति ने इच्छा व्यक्त की कि आकाशवाणी/दूरदर्शन के महानिदेशकों तथा संगणक अनुरक्षण (कम्प्यूटर मैंटेनेन्स) केन्द्र, दिल्ली के निदेशक से विशिष्ट रूप से विधेयक के संबंध में समिति के विचारार्थ अपनी टिप्पणियों/सुझाव भेजने का अनुरोध किया जाए।

7. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि यदि आवश्यक हुआ तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति इस प्रयोजन के लिए देश में विभिन्न स्थानों पर तत्स्थानिक अध्ययन दौरे करेगी।

8. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) से अनुरोध किया जाए कि समिति के विचारार्थ समिति को भेजे जाने वाले खंडवार ज्ञापन/अभ्यावेदन जिनमें टिप्पणियां/सुझाव अन्तर्विष्ट हों तथा समिति के समक्ष दिए जाने वाले साक्ष्य, उन पर दी गई टिप्पणियों सहित, को सारणीबद्ध किया जाए।

9. विभिन्न अन्य देशों में प्रतिलिप्यधिकार अधिनियमों के प्रावधानों से स्वयं को अवगत कराने के विचार से, समिति ने इच्छा व्यक्त की कि अमरीका और ब्रिटेन तथा अन्य महत्वपूर्ण देशों जैसे हंगरी/फ्रांस आदि का मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा भारत में प्रावधानों के तुलनात्मक अध्ययन का टिप्पण तैयार किया जाए। समिति के सदस्यों ने इच्छा व्यक्त की कि बर्न तथा रोम सम्मेलनों में प्रतिलिप्यधिकार अधिनियमों के संबंध में हुई चर्चाओं तथा लिए गए निर्णयों की प्रतियां भी उन्हें दी जाएं।

10. सभापति ने सदस्यों से यह भी अनुरोध किया कि यदि उनके पास देने के लिए सुझाव हों, तो उन्हें लिखित में सभापति को अथवा लोक सभा सचिवालय को भेज दें।

11. कुछ विचार-विमर्श के बाद, समिति ने नोट किया कि सभा द्वारा स्वीकार किए गए प्रस्ताव के अनुसार, उन्हें अपनी रिपोर्ट सभा को शरदकालीन सत्र, 1992 के पहले सप्ताह के अन्तिम दिन प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है। तथापि अभी भी समिति के ज्ञापन प्राप्त होने हैं तथा उन पर विचार किया जाना है और विधेयक पर खण्डवार विचार करना तथा अन्य चरणों को पूरा करना है तो समिति ने महसूस किया कि निर्धारित तारीख के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करना उनके लिए संभव नहीं होगा। अतः समिति ने निर्णय लिया

कि वह अपनी रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए बजट सत्र, 1993 के अंतिम दिन तक समय बढ़ाए जाने का अनुरोध करे। समिति ने श्री शरद दिघे, संसद सदस्य को इस संबंध में आगामी शरदकालीन सत्र, 1992 के दौरान आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किया।

12. समिति ने अक्तूबर, 1992 के दौरान पुनः किसी समय समवेत होने का निर्णय लिया तथा सभापति को बैठक की तारीख तथा समय निर्धारित करने के लिए प्राधिकृत किया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

अनुबंध

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति

प्रेस प्रकाशनी

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया है। समिति ने श्री सैयद सिब्ते रजी, संसद सदस्य की अध्यक्षता में 15 सितम्बर, 1992 को हुई पहली बैठक में विभिन्न संगठनों, संघों, बार काउंसिलों, लेखकों, प्रकाशकों, पत्रकारों और व्यक्तियों आदि से विधेयक के संबंध में ज्ञापन आमंत्रित करने का निर्णय लिया।

2. विधेयक साहित्यिक सृजन, कलात्मक, नाटकीय और संगीत संबंधी कार्यों, सिनेमाटोग्राफ फिल्म्स और साउंड रिकार्डिंग के संवर्धन के लिए प्रतिलिप्यधिकार के प्रभावी संरक्षण के लिए लाया गया है जिसमें इसके लेखकों और इसे बनाने वालों को कतिपय अतिरिक्त विशिष्ट अधिकार दिए जाएंगे जो कि वर्तमान कानून के अंतर्गत उन्हें उपलब्ध नहीं हैं तथा विभिन्न तरीकों से प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 के वर्तमान प्रावधानों में सुधार किया जाएगा।

3. जो व्यक्ति समिति को ज्ञापन देने के इच्छुक हैं, वे इन ज्ञापनों की 60 प्रतियां महासचिव, लोक सभा, संसद भवन, नई दिल्ली को भेजें जो उनके पास 16 अक्तूबर, 1992 को अथवा उससे पहले पहुंच जायें। समिति को जो ज्ञापन भेजे जाएंगे वह समिति की कार्यवाही सारांश का हिस्सा बनेंगे और उसे पूर्णतः गोपनीय समझा जायेगा और किसी के द्वारा परिचालित नहीं किया जाएगा क्योंकि ऐसा करना समिति के विशेपाधिकार का उल्लंघन होगा।

4. जो व्यक्ति ज्ञापन भेजने के अलावा समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य देने के इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि वे समिति के विचारार्थ लोक सभा सचिवालय को इसकी सूचना दें।

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 लोक सभा में पुरःस्थापित रूप में, दिनांक 16 जुलाई, 1992 के भारत के राजपत्र, असाधारण भाग-दो खण्ड-दो में प्रकाशित हुआ था।

नई दिल्ली;

दिनांकः 15-9-92

दो

दूसरी बैठक

19-10-1992

समिति की बैठक सोमवार, 19 अक्तूबर, 1992 को 15.00 बजे से 16.30 बजे तक समिति कमरा "घ" भूमि-तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा० एफ० आजम
3. श्रीमती दिल कुमारी भंडारी
4. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
5. श्री प्रबीण डेका
6. श्री शरद दिघे
7. श्री एम० कृष्णास्वामी
8. श्री वी० धनन्जय कुमार
9. प्रो० सावित्रि लक्ष्मणन
10. श्री बीर सिंह महतो
11. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
12. श्रीमती गीता मुखर्जी
13. श्री रूप चंद पाल
14. श्री हरपाल पंवार
15. श्री एन० जे० राठवा
16. श्री भगवान शंकर रावत
17. श्री पी० सी० थामस
18. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

राज्य सभा

19. डा० बलदेव प्रकाश
20. डा० नौनिहाल सिंह
21. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल
22. श्री दिनेश भाई त्रिवेदी
23. श्री मदन भाटिया
24. श्रीमती वीणा वर्मा

25. श्री बी० के० हरिप्रसाद

26. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री एस० सी० गुप्ता—संयुक्त सचिव

2. श्री डी० एल० कपूर—अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा—अपर सचिव

2. श्री जगदीश सागर—संयुक्त सचिव

3. श्री एम० पी० एम० कुट्टी—निदेशक

4. श्री बी० एस० ढिल्लों—अवर सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए० सी० सी० उन्नी—अपर सचिव

2. श्री रघुवीर सिंह—संयुक्त सचिव और विधायी सलाहकार

3. श्री एस० पी० कंवल—उप-विधायी सलाहकार

2. आरम्भ में सभापति ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि सदस्यों के सहयोग से उन्हें सौंपा गया कार्य पूरा करना संभव हो सकेगा।

3. सभापति ने अब तक हुई प्रगति के संबंध में समिति को जानकारी दी। उन्होंने सूचित किया कि समिति द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार विभिन्न संगठनों, संघों, बार कौंसिलों, लेखकों, प्रकाशकों, पत्रकारों, अलग-अलग व्यक्तियों आदि से टिप्पणों/सुझावों के साथ 16 अक्तूबर, 1992 तक ज्ञापन प्राप्त करने के लिए प्रैस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। यह विभिन्न राष्ट्रीय और स्थानीय समाचार-पत्रों जैसे ''इंडियन एक्सप्रैस'', ''हिन्दुस्तान टाइम्स'' और ''द ट्रिब्यून'' में प्रकाशित की गई थी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने प्रकाशन हेतु 40 समाचार-पत्रों में भुगतान करके विज्ञापन देने के लिए विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय से भी सम्पर्क किया था। समिति के लिए अपेक्षित सभी प्रकार की अतिरिक्त सामग्री प्राप्त की गई थी और उसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त रूप में ही सचिवालय द्वारा सदस्यों को परिचालित किया गया है ताकि सदस्यों को अन्य विभिन्न देशों में प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम के उपबंधों की जानकारी प्राप्त हो सके।

4. सभापति ने समिति को यह भी सूचित किया कि आरंभ में विभिन्न राज्य सरकारों/भारतीय बार एसोसिएशनों और 60 अन्य संगठनों, संघों, विशेषज्ञों से अपने ज्ञापन समिति के पास अधिकतम 16 अक्तूबर, 1992 तक भेजने का अनुरोध किया गया था। किन्तु समिति को आज तक केवल सात ज्ञापन ही प्राप्त हुए हैं।

समिति ने विभिन्न संघों और व्यक्तियों द्वारा किए गए अनुरोध को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संगठनों/संघों, बार कौंसिलों, लेखकों, प्रकाशकों, पत्रकारों, अलग-अलग व्यक्तियों आदि से ज्ञापन प्राप्त करने की तिथि को बढ़ाकर **7 नवम्बर, 1992** तक करने का निर्णय लिया। इस संबंध में समिति ने सभापति को इस तिथि की समाप्ति के पश्चात् भी ज्ञापन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया। सभापति ने इच्छा व्यक्त की कि सभी 60 संघों, अलग-अलग व्यक्तियों को यह बताते हुए संशोधित सूचनाएं भेजी जाएं कि उनके द्वारा भेजे जाने वाले ज्ञापन के लिए तिथि बढ़ा दी गई है।

5. समिति ने सामान्य प्रकृति के कतिपय स्पष्टीकरण मांगे जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक स्पष्टीकरणों के उत्तरों के समय दिए गए थे।

6. समिति ने इच्छा व्यक्त की कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय से ज्ञापन में उठाए गए प्रश्नों को सही ढंग से संक्षिप्त रूप में सूचित करने और खण्ड-वार सारणीकरण करने और समिति के विचार हेतु उन सभी के सामने अपने संक्षिप्त टिप्पण भेजने के लिए अनुरोध किया जाए।

7. शरदकालीन सत्र से पूर्व समिति के अध्ययन दौरों के संबंध में सदस्यों ने कहा कि जब तक समिति को विधेयक में उल्लिखित प्रतिलिप्यधिकार गतिविधियों के संबंध में सभी सूचनाएं प्राप्त नहीं हो जातीं तब तक विभिन्न स्थलों का दौरा करने का कोई उपयोग नहीं होगा। यह निर्णय लिया गया कि अध्ययन दौरे, यदि आवश्यक हों तो आगामी शरदकालीन सत्र के बाद ही किए जाएं।

8. समिति ने इच्छा व्यक्त की कि अधिकांश लोगों की सूचना हेतु विभिन्न समाचार-पत्रों में इस समिति के बारे में पर्याप्त प्रचार किया जाए। समिति ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि इस संबंध में यदि सभापति आवश्यक समझे तो एक प्रैस सम्मेलन भी बुलाया जा सकता है।

9. समिति ने अपनी अगली बैठक नवम्बर, 1992 के तीसरे सप्ताह में किसी दिन बुलाने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

तीन

तीसरी बैठक

16-11-1992

समिति की बैठक सोमवार, 16 नवम्बर, 1992 को 15.00 बजे से 17.10 बजे तक समिति कमरा "सी", भूमितल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी—**सभापति**

सदस्य

लोक सभा

2. श्री आनंद अहिरवार
3. डा० एफ० आजम
4. श्री शरद दिघे
5. श्री इम्चालम्बा
6. श्री श्याम लाल कमल
7. श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
8. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
9. श्री हरपाल पंवार
10. श्री रामेश्वर पाटीदार
11. श्री भगवान शंकर रावत

राज्य सभा

12. डा० बलदेव प्रकाश
13. डा० नौनिहाल सिंह
14. श्री दिनेश भाई त्रिवेदी
15. डा० संजय सिंह
16. श्री मदन भाटिया
17. श्रीमती वीणा वर्मा
18. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री एम०पी०एम० कुट्टी — निदेशक
3. श्री वी०के० सक्सेना — लाइसेंसिंग अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए०सी०सी० उन्नी — अपर सचिव
2. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता
3. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. सबसे पहले सभापति ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और यह विश्वास व्यक्त किया कि उनकी उपस्थिति और सहभागिता विचार-विमर्श को उपयोगी बनायेंगी।

3. सभापति ने अब तक हुई कार्य की प्रगति से समिति से अवगत कराया। इन्होंने बताया कि अन्तिम बैठक तक समिति को मात्र चार ज्ञापन प्राप्त हुए थे, परन्तु ज्ञापन प्राप्ति की अन्तिम तिथि को 7 नवम्बर, 1992 तक बढ़ाये जाने के पश्चात् समिति को 30 ज्ञापन और प्राप्त हुए। इनमें से 20 ज्ञापन सदस्यों को पहले ही भेजे जा चुके हैं, और शेष 10 ज्ञापन भेजे जा रहे हैं।

4. तत्पश्चात् समिति ने निम्नलिखित प्रतिनिधियों का साक्ष्य लिया:

इण्डियन फैडरेशन अगेंस्ट साफ्टवेयर थैफ्ट, बम्बई

प्रवक्ता:

1. श्री शिरीष बी० पटेल, चेयरमैन
   15.30 बजे से 17.00 बजे तक
2. श्री के०वी०एच० पद्मनाभन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   15.30 बजे से 17.00 बजे तक

5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई ।

चार

चौथी बैठक

7-1-1993

समिति की बैठक गुरुवार, 7 जनवरी, 1993 को 15.00 बजे से 17.30 बजे तक समिति कमरा "सी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री ई० अहमद
3. मोहम्मद अली अशरफ फातमी
4. श्री एम० कृपणस्वामी
5. श्री वी० धनंजय कुमार
6. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
7. श्रीमती गीता मुखर्जी
8. श्री हरपाल पंवार
9. श्री भगवान शंकर रावत
10. श्री कोडाकेनि गोडाना शिवप्पा
11. श्री पी०सी० थामस
12. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

राज्य सभा

13. डा० नौनिहाल सिंह
14. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
15. श्री विश्वजीत पी० सिंह
16. श्री मदन भाटिया
17. श्रीमती वीणा वर्मा
18. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री वी०के० सक्सेना — लाइसेंसिंग अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. सर्वप्रथम समिति ने डा० बलदेव प्रकाश, संसद सदस्य (रा०स०) के दुखद निधन पर अत्यधिक दुख और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए एक निधन संबंधी प्रस्ताव (अनुबंध) पारित किया। तत्पश्चात् समिति ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

3. सभापति ने, अब तक हुई प्रगति से समिति को अवगत कराया। उन्होंने समिति को यह जानकारी दी कि विभिन्न संगठनों/व्यक्तियों आदि से अब तक प्राप्त 41 ज्ञापन सदस्यों को परिचालित कर दिये गये हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) ने इन 41 ज्ञापनों में से ज्ञापन सं॰ 1-32 पर अपना टिप्पण प्रस्तुत किया है जो समिति के सदस्यों को पहले ही भेजा जा चुका है। शेष 9 ज्ञापनों पर मंत्रालय द्वारा टिप्पणी भेजना शेष है।

4. तत्पश्चात समिति ने "फेडरेशन आफ इडियन पब्लिशर्स, नई दिल्ली" के निम्नलिखित प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लियाः

1. श्री डी॰एन॰ मल्होत्रा, प्रेसीडेंट (एफ॰आई॰पी॰)
2. श्री प्रवीण आनंद, अधिवक्ता
3. श्री कान्ति चौधरी, आई॰ए॰एस॰, सचिव शिक्षा मंत्रालय (सेवा निवृत्त)
4. श्री नरेन्द्र नाथ, कार्यकारी निदेशक—एफ॰आई॰पी॰
5. श्री विश्वनाथ, प्रबंध निदेशक, मैसर्स राजपाल एण्ड संस, और
6. श्री मोहन प्रिमलानी, सभापति, आई॰बी॰एच॰

5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति

मुझे, समिति को डा० बलदेव प्रकाश, जो राज्य सभा के सदस्य थे और उस सभा में जिन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया, के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है। उनका निधन, 70 वर्ष की अवस्था में 17 नवम्बर, 1992 को नई दिल्ली में हुआ।

व्यवसाय से एक चिकित्सक डा० प्रकाश ने झुग्गी-झोपड़ीवासियों की शिक्षा और किसानों और समाज के उपेक्षित वर्गों का उन्नयन जैसे रचनात्मक कार्यों में लगे हुए एक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। वह जीवन भर अलगाववाद और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहे। वह 1952 से 1977 तक जनसंघ से जुड़े रहे और 1964 से 1974 तक पंजाब राज्य जनसंघ के अध्यक्ष थे। वह भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष भी थे। डा० बलदेव प्रकाश ने अपने संसदीय जीवन की शुरुआत 1957 से 1969 तक पंजाब विधान सभा के एक सदस्य के रूप में की और वह 1974 से 1977 तक सभा के लिए पुनः निर्वाचित हुए। वह 1967 में पंजाब सरकार में वित्त मंत्री भी थे। वह 1977 में लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए।

यद्यपि, वह बहुत कम समय के लिए हमारी संयुक्त समिति के एक सदस्य रहे फिर भी, समिति के कार्य संचालन में उनकी गहन रुचि थी और 16 नवंबर, 1992 को अपनी मृत्यु से एक दिन पहले भी संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में उपस्थित हुए।

डा० बलदेव प्रकाश के निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं और निश्चय ही समिति भी **शोक संतप्त परिवार के प्रति अत्यधिक दुख और गहरी संवेदना प्रकट करेगी।**

पांच

पांचवीं बैठक

8-1-1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 8 जनवरी, 1993 को 15.00 बजे से 17.30 बजे तक समिति कमरा ''सी'', भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी —सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा० एफ० आजम
3. श्री गुरुचरण सिंह दादाहूर
4. श्री एम० कृष्ण स्वामी
5. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
6. श्रीमती गीता मुखर्जी
7. श्री रूपचंद पाल
8. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

राज्य सभा

9. डा० नौनिहाल सिंह
10. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
11. श्री विश्वजीत पी० सिंह
12. श्री मदन भाटिया
17. श्रीमती वीणा वर्मा

सचिवालय

श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री वी० के० सक्सेना — लाइसेंसिंग अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. समिति ने ''आथर्स गिल्ड आफ इंडिया, नई दिल्ली'' के निम्नलिखित प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया:—
    1. श्री जे०सी० बत्रा, उपाध्यक्ष
    2. श्री एच० के० कौल, सदस्य, कार्यकारी समिति
    3. श्री राजेन्द्र अवस्थी, महासचिव
3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।
4. तत्पश्चात् समिति ने जनवरी, 1993 के तीसरे सप्ताह में अपनी अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई

छः

छठी बैठक

19-1-1993

समिति की बैठक मंगलवार, 19 जनवरी, 1993 को 15.00 बजे से 16.30 बजे तक समिति कक्ष "डी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा० फैयाजुल आजम
3. श्री एम० कृष्ण स्वामी
4. श्री बीर सिंह महतो
5. श्रीमती गीता मुखर्जी
6. श्री रूपचन्द पाल
7. श्री रामेश्वर पाटीदार
8. श्री भगवान शंकर रावत
9. श्री पी० सी० थामस
10. श्री गुरचरणसिंह दादाहूर

राज्य सभा

11. डा० नौनिहाल सिंह
12. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफज़ल
13. डा० आर० के० पोद्दार
14. श्री मदन भाटिया
15. श्रीमती वीणा वर्मा
16. श्री बी० के० हरिप्रसाद
17. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री एस० सी० गुप्ता — संयुक्त सचिव
2. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
3. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक (बी०डी०)
2. श्री वी० के० सक्सेना — लाइसेंसिंग अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी परामर्श-दाता
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. समिति ने "केबल नेटवर्क एसोसिएशन" नई दिल्ली के निम्नलिखित प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया:—

1. मेजर जे० एस० कोहली (सेवानिवृत)	—	अध्यक्ष
2. श्री राकेश दत्ता	—	महासचिव
3. श्री रंजन कपूर	—	उपाध्यक्ष
4. श्री उमेश ककड़	—	कोषाध्यक्ष
5. श्री नरेन्द्र नरुला	—	सदस्य

3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई

सात

सातवीं बैठक

21-1-1993

समिति की बैठक बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 1993 को समिति कक्ष "सी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में 11.00 बजे से 12.30 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री ई० अहमद
3. श्रीमती दिल कुमारी भंडारी
4. श्री गुरचरणसिंह दादाहूर
5. श्री एम० कृष्ण स्वामी
6. श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र
7. श्री भगवान शंकर रावत
8. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

राज्य सभा

9. डा० नौनिहाल सिंह
10. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
11. डा० आर० के० पोद्दार
12. श्रीमती वीणा वर्मा

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर०के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक (बी०डी०)
3. श्री वी० के० सक्सेना — लाइसेंसिंग अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए०सी०सी० उन्नी — अपर सचिव
2. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता
3. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. समिति ने श्री एस० रमैया, अधिवक्ता और पूर्व सचिव, भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली का मौखिक साक्ष्य लिया।

3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

4. समिति ने फरवरी, 1993 के दूसरे सप्ताह में अपनी अगले बैठक करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई

आठ

आठवीं बैठक

10-2-1993

समिति की बैठक बुधवार, 10 फरवरी, 1993 को 15.00 बजे से 17.00 बजे तक समिति कक्ष "सी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री आनन्द अहिरवार
3. डा० फैयाजुल आजम
4. श्रीमती दिल कुमारी भण्डारी
5. श्री गुरचरणसिंह दादाहूर
6. श्री शरद दिघे
7. श्री एम० कृष्ण स्वामी
8. श्री वी० धनंजय कुमार
9. श्री बीर सिंह महतो
10. श्री रूपचन्द पाल
11. श्री रामेश्वर पाटीदार
12. श्री भगवान शंकर रावत
13. श्री पी० सी० थामस

राज्य सभा

14. डा० नौनिहाल सिंह
15. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल
16. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
17. डा० आर० के० पोद्दार
18. श्री विश्वजित् पृथ्वीजित सिंह
19. श्री मदन भाटिया
20. श्री बी० के० हरिप्रसाद
21. श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक (बी० डी०)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शदाता
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परमार्शदाता

2. बैठक के आरम्भ में सभापति ने सूचित किया कि ज्ञापन संख्या 33 से 41 के अन्तर्गत उठाए गए मुद्दों का सारांश और उन पर मानव

संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) से प्राप्त टिप्पणियों को समिति के सभी सदस्यों को वितरित कर दिया गया है।

3. तत्पश्चात् सभापति ने सदस्यों को कतिपय संघों के प्रतिनिधियों के साथ होने वाली अनौपचारिक वार्ता के प्रयोजनार्थ 15 और 16 फरवरी, 1993 को समिति के अध्ययन दल एक और दो के बम्बई और मद्रास के साथ-साथ प्रस्तावित अध्ययन दौरों के बारे में बताया। चूंकि अध्ययन दल दो (मद्रास) में शामिल होने की बहुत कम सदस्यों ने इच्छा व्यक्त की। इसलिए समिति ने मद्रास के लिए प्रस्तावित अध्ययन दौरे को स्थगित करने और निर्धारित समयानुसार बम्बई का अध्ययन दौरा करने का निर्णय लिया।

4. समिति ने "इन्डियन फेडरेशन अगेन्स्ट सॉफ्ट वेयर थेफ्ट" बम्बई के निम्नलिखित प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य लिये:—

1. श्री के० वी० एच० पदमनाभम्
   मुख्य कार्यपालक (इन्फास्ट)
2. श्री शिरीष बी० पटेल
   चेयरमैन (इन्फास्ट)
3. श्री जे० सागर (इन्फास्ट)

5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

नौ

नौवीं बैठक

24-2-1993

समिति की बैठक बुधवार, 24 फरवरी, 1993 को 15.00 बजे से 17.20 बजे तक समिति कमरा सं० 62, प्रथम तल, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रज़ी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री प्रबीन डेका
3. श्री शरद दिघे
4. श्री श्याम लाल कमल
5. कुमारी पदमश्री कुडुमुला
6. श्री भगवान शंकर रावत
7. श्री कोडाकनि गौडाना शिवप्पा

राज्य सभा

8. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
9. श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह
10. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए० सी० सी० उन्नी — अपर सचिव
2. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शदाता
3. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. सबसे पहले सभापति ने समिति द्वारा अब तक की गई प्रगति और उसके विचारार्थ लंबित कार्यमदों के बारे में समिति को अवगत कराया।

3. तत्पश्चात् समिति ने श्री रामैय्या, अधिवक्ता और भूतपूर्व सचिव, विधि और न्याय मंत्रालय का मौखिक साक्ष्य लिया।

4. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

5. समिति ने 25 फरवरी, 1993 को नई दिल्ली में व्यक्तियों/वाहनों के आने-जाने पर लगाये गये सुरक्षा प्रतिबंधों को देखते हुए अपनी 25 फरवरी, 1993 को निर्धारित बैठक को भी रद्द करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

दस

दसवीं बैठक

17-3-1993

समिति की बैठक बुधवार, 17 मार्च, 1993 को 15.00 बजे से 16.00 बजे तक समिति कमरा "डी", भूतल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा॰ एफ॰ आजम
3. श्री प्रबीन डेका
4. श्री इम्चालम्बा
5. श्री श्याम लाल कमल
6. श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
7. श्री एम॰ कृष्ण स्वामी
8. श्री वी॰ धनंजय कुमार
9. प्रो॰ (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
10. श्रीमती गीता मुखर्जी
11. श्री रामेश्वर पाटीदार
12. श्री भगवान शंकर रावत

राज्य सभा

13. डा॰ नौनिहाल सिंह
14. श्री दिनेश भाई त्रिवेदी
15. श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह
16. श्री मदन भाटिया
17. श्रीमती वीणा वर्मा

सचिवालय

1. श्री आर॰ के॰ चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर॰ के॰ सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री एम॰ पी॰ एम॰ कुट्टी — निदेशक

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव और विधायी सलाहकार
2. श्री एस॰ पी॰ कंवल — उप विधायी सलाहकार

2. आरम्भ में सभापति ने सदस्यों को, समिति द्वारा अब तक की गई प्रगति के बारे में संक्षेप में बताया। समिति को यह सूचित किया गया कि अब तक विभिन्न संघों/संगठनों/व्यक्तियों आदि की ओर से प्राप्त 41 ज्ञापन, उन पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के टिप्पणों सहित सदस्यों को परिचालित किए जा चुके हैं। सदस्यों को भेजने के लिए ज्ञापन सं॰, 8 बी, 8 सी, 15 ए और 18 ए के संबंध में टिप्पण मंत्रालय से अभी प्राप्त होने हैं। सभापति ने यह सूचित किया कि प्राप्त 41 ज्ञापनों में से समिति द्वारा, साक्ष्य के दौरान छह पर

विचार किया गया और उनके बम्बई अध्ययन दौरे के दौरान अन्य छह ज्ञापनों पर भी विचार किया गया। समिति को यह भी सूचित किया गया कि विभिन्न संगठनों/व्यक्तियों आदि से प्राप्त 9 ज्ञापनों के संबंध में उसे मौखिक साक्ष्य लेना होगा। शेष 20 ज्ञापनों का समिति के सदस्य अध्ययन करेंगे और विधेयक पर खंडवार विचार के समय इस संबंध में कार्यवाही करेंगे। इन बातों को देखते हुए समिति ने यह महसूस किया कि निर्धारित समय में, अर्थात् 1993 के बजट सत्र के अंतिम दिन को उसके द्वारा प्रतिवेदन को अंतिम रूप दे पाना और प्रस्तुत कराना सम्भव नहीं होगा। अतः समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए समय को लोक सभा के मानसून सत्र, 1993 के अंत तक और बढ़ाने का अनुरोध करने का निर्णय किया।

3. इस संबंध में सभापति ने, लोक सभा में आवश्यक प्रस्ताव रखने हेतु श्री शरद दिघे, संसद सदस्य को प्राधिकृत किया।
4. तत्पश्चात् समिति ने श्री प्रवीन आनंद, अधिवक्ता नई दिल्ली का मौखिक साक्ष्य लिया।
5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

ग्यारह

ग्यारहवीं बैठक

19-3-1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 19 मार्च, 1993 को 15.00 बजे से 16.30 बजे तक समिति कमरा "सी", भूतल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री प्रबीन डेका
3. श्री इम्चालम्बा
4. श्री भगवान शंकर रावत

राज्य सभा

5. डा० नौनिहाल सिंह
6. श्रीमती वीणा वर्मा
7. श्री जी० स्वामीनाथन

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री आर० के० सिन्हा — अपर सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री रघुवीर सिंह — संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शदाता
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. समिति ने इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी, नई दिल्ली के निम्नलिखित प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया:
   1. श्री परेश नाथ
   2. श्री यूनूस देहलवी
   3. श्री भूषण जैन, सचिव
3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

बारह

बारहवीं बैठक

23-4-1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 23 अप्रैल, 1993 को समिति कमरा "सी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में 15.00 बजे से 16.45 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — **सभापति**

सदस्य

लोक सभा

2. श्री आनन्द अहिरवार
3. डा० एफ० आजम
4. श्रीमती दिल कुमारी भंडारी
5. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
6. श्री प्रबीन डेका
7. श्री इम्चालम्बा
8. श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
9. श्री एम० कृष्णस्वामी
10. प्रो० (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
11. श्रीमती गीता मुखर्जी
12. श्री रामेश्वर पाटीदार
13. श्री के० जी० शिवप्पा

राज्य सभा

14. श्री मौहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल
15. श्री आर० के० पोद्दार
16. श्रीमती वीणा वर्मा
17. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक
2. श्री बी० एस० ढिल्लों — अवर सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. प्रारंभ में, सभापति ने समिति को कार्य में अब तक हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। समिति को यह भी जानकारी दी गई कि प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को लोक सभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन तक प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने वाला प्रस्ताव 21 अप्रैल, 1993 को लोक सभा में पेश किया गया और उसे स्वीकार किया गया।

3. समिति ने बैठक के लिये समिति कमरा उपलब्ध न होने के कारण श्री बूत्री रियूबेन् मुम्बई का मौखिक साक्ष्य लेने हेतु 30 अप्रैल, 1993 को होने वाली अपनी बैठक रद्द करने का निर्णय लिया।

4. तत्पश्चात् समिति ने भारतीय फोनोग्राफिक उद्योग, कलकत्ता में निम्नलिखित प्रतिनिधियों का साक्ष्य लियाः—

1. श्री पी० चन्दा — अध्यक्ष
2. श्री एस० शिदोरे — सचिव
3. श्री एच० एस० आनन्द — विधायी सलाहकार
4. श्रीमती बी० बी० चिब — विधायी सलाहकार

5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

तेरह

तेरहवीं बैठक

10.5.1993

समिति की बैठक सोमवार, 10 मई, 1993 को 15.00 बजे से 16.00 बजे तक समिति कमरा "सी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी —सभापति

सदस्य

डा० नौनिहाल सिंह

सचिवालय

श्री राम अवतार राम —अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री वाई० एन० चतुर्वेदी —अपर सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी—निदेशक

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. डा० रघवीर सिंह —संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता
2. श्री एस० पी० कंवल —उप विधायी परामर्शदाता

2. समिति ने इंडियन परफार्मिंनिग राइट सोसायटी लि०, बंबई के निम्नलिखित प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया:

1. श्री नौशाद अली, चेयरमैन
2. श्री संजय टंडन
3. श्री हसन कमाल
4. श्री रवि शर्मा

3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

4. समिति ने संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा को ध्यान में रखते हुए 11, 13 और 14 मई, 1993 को होने वाली निर्धारित तीन बैठकों को स्थगित करने का निर्णय किया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

चौदह

चौदहवीं बैठक

4.6.1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 4 जून, 1993 को 15.00 बजे से 17.00 बजे तक समिति कमरा "डी", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री आनन्द अहिरवार
3. डा० एफ० आजम
4. श्रीमती दिल कुमारी भण्डारी
5. श्री प्रबीन डेका
6. मोहम्मद अली अशरफ फातमी
7. श्री इम्चालम्बा
8. श्री जय प्रकाश
9. श्री एम० कृष्ण स्वामी
10. श्री वी० धनजय कुमार
11. श्री बीर सिंह महतो
12. श्रीमती गीता मुखर्जी
13. श्री रामेश्वर पाटीदार
14. श्री भगवान शंकर रावत
15. श्री पी० सी० थामस
16. श्री शोभनाद्रीश्वर राव वाड्डे

राज्य सभा

17. डा० आर० के० पोद्दार
18. श्री एस० विडुतलै विरूम्भी
19. श्री मदन भाटिया
20. श्री बी० के० हरिप्रसाद
21. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री एस० वी० गिरी — सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी — निदेशक

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. डा० रघबीर सिंह — संयुक्त सचिव एवं विधायी सलाहकार
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी सलाहकार

2. समिति ने मुम्बई स्थित निम्नलिखित संगठनों के प्रतिनिधियों का मौखिक साक्ष्य लिया:

1. **भारतीय फिल्म संघ**
   1. श्री पी० के० बोस, अध्यक्ष
   2. श्री के० डी० शोरी, कार्यकारी एवं सदस्य
2. **फिल्म लेखक संघ**

   श्री सतीश भटनागर

3. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

पन्द्रह

पन्द्रहवीं बैठक

18.6.1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 18 जून, 1993 को समिति कमरा "घ", भूमि तल, संसदीय सौध, नई दिल्ली में 15.00 बजे से 15.45 बजे तक हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी —सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री ई० अहमद
3. डा० एफ० आज़म
4. श्री शरद दिघे
5. श्री श्याम लाल कमल
6. श्री एम० कृष्ण स्वामी
7. श्री बीर सिंह महतो
8. श्री रूप चंद पाल
9. श्री हरपाल पंवार
10. श्री नरनभाई जमलाभाई राठवा
11. श्री कोडकणी गौंडाना शिवप्पा

राज्य सभा

12. डा० आर० के० पोद्दार
13. श्री एस० विडुतलै विरूम्बी
14. श्री मदन भाटिया
15. श्रीमती वीणा वर्मा
16. श्री बी० के० हरिप्रसाद
17. श्री इकबाल सिंह
18. श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी —उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम —अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री वाई० एन० चतुर्वेदी —अपर सचिव
2. श्री एम० पी० एम० कुट्टी—निदेशक

विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

श्री ए० सी० सी० उन्नी —अपर सचिव

2. आरंभ में सभापति ने समिति की अब तक की गयी कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिलिप्यधिकार (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1992 के बारे में विभिन्न संगठनों, संघों तथा व्यक्तियों से कुल 42 ज्ञापन प्राप्त हुए थे। ये ज्ञापन तथा उनपर मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) की टिप्पणियां पहले ही समिति के सदस्यों के बीच परिचालित किए जा चुके हैं।

3. सभापति ने घोषित किया कि समिति अगली बैठक में विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी। विधेयक के विभिन्न खण्डों के संशोधनों के लिए नोटिस देने के इच्छुक सदस्य अपनी नोटिसें इस सचिवालय को सोमवार 5 जुलाई, 1993 तक भेज सकते हैं।

4. तत्पश्चात् समिति ने श्री राम चंद्र दास, वेस्टर्न इण्डिया सिनेमेटोग्राफर्स "एसोसिएशन" बम्बई के प्रतिनिधि का मौखिक साक्ष्य लिया।

5. साक्ष्य का शब्दशः रिकार्ड रखा गया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

---

*अन्य साक्षी श्री जी० पी० सिप्पी, प्रतिलिप्यधिकार चोरी के विरुद्ध भारतीय संघ, बम्बई के प्रतिनिधि, जिन्हें संयुक्त समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य देने के लिए आना था नहीं आये।

सोलह

सोलहवीं बैठक

10.8.1993

समिति की बैठक मंगलवार, 10 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे से 17.15 बजे तक समिति कमरा सं० 50, प्रथम तल, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रज़ी — सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा० एफ० आजम
3. श्रीमती दिल कुमारी भण्डारी
4. श्री प्रबीन डेका
5. श्री इम्चालम्बा
6. श्री जय प्रकाश
7. श्री श्याम लाल कमल
8. श्री एम० कृष्ण स्वामी
9. श्री वी० धनंजय कुमार
10. प्रो० (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मण
11. श्री रामेश्वर पाटीदार
12. श्री भगवान शंकर रावत
13. श्री पी० सी० थामस

राज्य सभा

14. डा० नौनिहाल सिंह
15. मौहम्मद अफज़ल उर्फ मीम अफज़ल
16. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
17. श्री विश्वजित पी० सिंह
18. श्रीमती वीणा वर्मा

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मावन संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री वाई० एन० चतुर्वेदी — अपर सचिव
2. श्री वी० लक्ष्मी रेड्डी — निदेशक

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए० सी० सी० उन्नी — अपर सचिव
2. श्री एस० पी० कंवल — उप विधायी परामर्शदाता

2. सभापति ने समिति के सदस्यों तथा अन्य लोगों का स्वागत किया और समिति द्वारा 15 सितम्बर, 1992 से अब तक किए गए कार्य को संक्षेप में स्पष्ट किया। सभापति ने श्री रामेश्वर पाटीदार, संसद सदस्य तथा श्रीमती वीणा वर्मा, संसद सदस्य से प्राप्त संशोधनों की सूचनाओं, जिन्हें समिति के सदस्यों को पहले ही परिचालित किया जा चुका है, का उल्लेख किया।

3. तत्पश्चात्, समिति ने विधेयक पर खण्डवार विचार किया। चूंकि श्री रामेश्वर पाटीदार, संसद सदस्य बैठक के आरंभ में उपस्थित नहीं थे इसलिए उनके संशोधन श्री दिनेश त्रिवेदी ने प्रस्तुत किए। कुछ समय पश्चात् श्री रामेश्वर पाटीदार आये और बैठक में शामिल हुए। समिति ने विधेयक के उन सभी खण्डों पर जिनके बारे में न तो संशोधनों की सूचना दी गयी थी और न ही समिति के किसी सदस्य ने संशोधन प्रस्तुत किया था, पर विचार किया और उन्हें बिना किसी संशोधन के स्वीकार किया। समिति ने विधेयक के संगत खण्डों, जिन पर 16 संशोधनों की सूचना दी गयी थी (सामान्य सुझावों को छोड़कर) पर विचार करते समय ग्यारह संशोधन बिना किसी परिवर्तन अथवा परिवर्तन सहित स्वीकार किये। शेष पांच संशोधनों पर विचार किया गया किन्तु उन्हें समिति द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। खण्ड-वार ये पांच संशोधन जिन पर समिति ने विचार किया किन्तु स्वीकार नहीं किया अनुबंध में दिए गए हैं।

4. .खण्डों के संबंध में संबंधित संशोधनों पर समिति द्वारा विचार किया गया और उन्हें परिवर्तन के साथ अथवा बिना किसी परिवर्तन (अधोरेखांकित शब्द संशोधन में किये गये परिवर्तन का द्योतन करते हैं) को स्वीकार किया गया।

(एक) खण्ड 2 (दस) (थ थ)

पृष्ठ 3, पंक्ति 43, ''**बाजीगर**'' के बाद ''**जादूगर**'' जोड़ें।

खण्ड 2 यथासंशोधित रूप में स्वीकार किया गया।

(दो) खण्ड 6(घ)

पृष्ठ 5, पंक्ति 18 **के बाद** निम्नलिखित जोड़ें:

''12(घ) इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित किए जाने वाले नियमों के अध्यधीन प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड को अध्याय पांच के अधीन किसी साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमय, कलापूर्ण अथवा वैज्ञानिक कार्य में प्रतिलिप्यधिकार समाप्त करते समय यह निश्चित करने की शक्ति प्राप्त है कि क्या ऐसा कार्य सांस्कृतिक, साहित्यिक, कलापूर्ण अथवा राष्ट्रीय धरोहर का हिस्सा बनने के लिए पर्याप्त मूल्य रखता है।

परन्तु यह कि यदि बोर्ड ऐसे किसी कार्य को ऐसे धरोहजन्य मूल्य का समझता है, तो इसे निर्धारित किए जाने वाले नियमों के अंतर्गत यह निर्धारित करने की शक्ति होगी कि लेखकों के उत्तराधिकारियों अथवा उत्तरवर्ती व्यक्तियों को **प्रतिलिप्यधिकार के व्यपगत होने के 20 वर्ष के पश्चात** कार्य के लिए पर्याप्त रायल्टी दी जाये।''

खण्ड 6(यथा संशोधित) रूप में स्वीकार किया गया।

(तीन) **खण्ड 8(2)**

पृष्ठ 7, पंक्ति 17 के बाद निम्नलिखित जोड़ें:

''19(2) किसी कार्य में प्रतिलिप्यधिकार नियत करते समय प्रतिलिप्यधिकार के करार की अवधि समाप्त होने पर किसी साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमय, कलापूर्ण अथवा विज्ञान संबंधी कार्य के लेखकों, उत्तराधिकारियों उत्तरवर्ती व्यक्तियों को दी जाने वाली राशि भी विनिर्दिष्ट की जानी चाहिए और उसमें परस्पर स्वीकृत शर्तों पर संशोधन किया जा सकता है, समयावधि को बढ़ाया अथवा समाप्त किया जा सकता है।''

(चार) खण्ड 8(3)

पृष्ठ 7, पंक्ति 18-24 **के स्थान पर** निम्नलिखित **प्रतिस्थापित किया जाये:**

''19(3) (क) साहित्यिक, नाटकीय कलापूर्ण चलचित्रदर्शी फिल्म और ध्वनि रिकार्डिंग के मामले में, उपधारा (1) के अंतर्गत दिए गए अधिकार विनिर्दिष्ट न हों, तो यह माना जायेगा कि समनुदेशक ने अपने कार्य में अन्य सभी प्रतिलिप्यधिकारों को अपने पास सुरक्षित रखा है।

(ख) संगीतमय कार्यों के मामले में, यदि उपधारा (1) में दिए गए अधिकार विनिर्दिष्ट न हों, तो यह माना जायेगा कि संगीतमय कार्यों के रचयिता ने समनुदेशिता की केवल समग्र रूप से एक चलचित्रदर्शी फिल्म अथवा एक ध्वनि रिकार्डिंग के रूप में तैयार किए जाने वाले अपने कार्य के संबंध में एक चलचित्र फिल्म बनाने अथवा एक ध्वनि रिकार्डिंग के लिए ही अधिकार दिया है और अन्य सभी अधिकार विशेष रूप से वह अपने पास रखता है।

(ग) परन्तु यह कि किसी स्थिति में यदि समनुदेशिती समनुदेशन की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के अंदर ऐसे किसी अधिकार का उपयोग नहीं करता है, तो उक्त अवधि के समाप्त होने के बाद ऐसे समनुदिष्ट अधिकारों के संबंध में समनुदेशन व्यपगत माना जायेगा।''

खण्ड 8 यथा संशोधित रूप में स्वीकृत हुआ।

(पांच) खण्ड 11

पृष्ठ 8 पंक्ति 19 **के पश्चात निम्नलिखित जोड़ा जाए:**

"बशर्ते इस खण्ड में प्रयुक्त शब्द "कोई व्यक्ति नहीं" किसी भी प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त व्यक्ति (लेखक) को अपनी कृति की बाबत अनुज्ञप्ति जारी करने अथवा अनुद्धृत करने से नहीं रोकेंगे।"

(छः) खण्ड 11

पृष्ठ 8 पंक्ति 22, के अध्याय शब्द के पश्चात निम्नलिखित जोड़ा जाए:

"और मौजूदा प्रतिलिप्यधिकार सोसाइटियां संशोधनकारी अधिनियम के लागू होने की तिथि से एक वर्ष की संक्रमण अवधि के अंदर पंजीकृत हो जानी चाहिए।"

(सात) **खण्ड 19**

पृष्ठ 15, पंक्ति 36, "धारा 53 के पश्चात" **से पूर्व** "अध्याय ग्यारह में" **जोड़ा जाए।**

खण्ड 19 यथा संशोधित रूप में स्वीकृत किया गया।

(आठ) खण्ड 22

पृष्ठ 16, पंक्ति 30

"परन्तुक" **से पूर्व** "पहले" **जोड़ा जाए।**

खण्ड 22 यथा संशोधित रूप में स्वीकृत किया गया।

(नौ) खण्ड 23

पृष्ठ 16, अंतिम पंक्ति के स्थान पर निम्नलिखित **प्रतिस्थापित किया जाए।**

"इस अधिनियम के अधीन प्रतिलिप्यधिकार के उल्लंघन का अपराध हो।"

खंड 23 को यथा संशोधित रूप में स्वीकृत किया गया।

(दस) खंड 24

पृष्ठ 17, पंक्ति 20

"जाएगी" **के स्थान पर** "जा सकती है" **प्रतिस्थापित किया जाये।**

(ग्यारह) खंड 24 (दा)

पृष्ठ 17, पंक्ति 49 **के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाये:**

*"78(2)(घग) लेखकों और उनकी अनुपस्थिति में उनके कानूनी प्रतिनिधियों को पुस्तकों के प्रकाशन, पुनः मुद्रण, और संस्करणों के प्रकाशन अथवा जारी करने अथवा अनुवाद अथवा प्रस्तुतीकरण, और विभिन्न चरणों पर दी जानी देय रायल्टी की राशि के बारे में सूचित करने के लिए पुस्तकों के प्रकाशकों तथा उनके लेखकों द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें।

(घघ) लेखकों तथा उनके कानूनी प्रतिनिधियों के हितों को प्रकाशकों से सुरक्षित रखने के लिए लेखक अथवा उसके कानूनी प्रतिनिधियों और पुस्तक के प्रकाशकों के बीच हस्ताक्षर किए जाने वाले करार (मा ॅडल करार) का प्रारूप जिसमें ऐसे करार के मा ॅडल प्रारूप के प्रावधान शामिल हों।"

खण्ड 24 यथा संशोधित रूप में स्वीकृत किया गया।

5. समिति ने सुझाव दिया कि खण्ड 15, पंक्ति 12, पंक्ति 6 में "सोसाइटी" शब्द **के स्थान पर** जो मुद्रण संबंधी गलती है शुद्धिपत्र जारी करके "केवल" शब्द **प्रतिस्थापित किया जाए।**

6. समिति ने अपनी अगली बैठक संशोधनों की सूचनाओं में दिए गए सामान्य सुझावों पर विचार करने के लिए 12 अगस्त को 15.00 बजे करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

---

* अन्ततः समिति द्वारा अस्वीकार कर दिया गया।

अनुबंध

लोक सभा सचिवालय

समिति शाखा-दो

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति

समिति के सदस्यों से प्राप्त संशोधनों की सूची, जिन पर समिति द्वारा 10 अगस्त, 1993 को हुई अपनी बैठक में विचार किया गया और अस्वीकृत हुए।

(देखिए दिनांक 10.8.1993 के कार्यवाही सारांश का पैरा 3)

क्रम सं॰	सदस्य का नाम तथा संशोधन का मूल पाठ	खंड संख्या
1	2	3
1.	**श्री रामेश्वर पाटीदार** पृष्ठ 3, पंक्ति 6 "परिणाम" के बाद जोड़ें "और ऐसे कार्यक्रम का संस्करण तैयार करना भी सम्मिलित हो, जिसमें इसे किसी कम्प्यूटर की भाषा अथवा कूटभाषा अथवा किसी भिन्न कम्प्यूटर की भाषा अथवा कूटभाषा में अथवा उसमें से परिवर्तित किया जाता है।"	2(पांच) (चचग)
2.	पृष्ठ 5, 18 के बाद अंतःस्थापित करें: "13 (4) (क) संदेहों के निवारण के लिए यहां तक बात स्पष्ट घोषित की जाती है कि किसी चलचित्रदर्शी फिल्म अथवा अभिलेख में किसी साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमत अथवा कलापूर्ण कार्य को मूर्त रूप देने अथवा शमिल करने से ही उस व्यक्ति, जो मूर्त रूप देने अथवा उसे शामिल करने से तुरंत पूर्व उस कार्य के प्रतिलिप्यधिकार का स्वामी था, के कार्य [जिसमें इस उपधारा के पैरा (ग) में उल्लिखित विशिष्ट अधिकारों सहित] के प्रतिलिप्यधिकार को प्रभावी नहीं करेगा अथवा प्रभावी करने वाली नहीं माना जायेगा। (ख) इस उपधारा के पैरा (क) में उल्लिखित विशिष्ट अधिकार अनन्य अधिकार हैं:— (एक) किसी कार्य का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन अथवा सार्वजनिक रूप से इसके प्रदर्शन के लिए प्राधिकृत करना [जिसमें चलचित्रदर्शी फिल्म के सार्वजनिक प्रदर्शन द्वारा किया गया कोई निष्पादन अथवा उस रिकार्ड, जिसमें कार्य को मूर्त रूप दिया गया है अथवा शमिल किया गया है] को सार्वजनिक रूप से लगाना शमिल है; (दो) कार्यों को किसी भौतिक रूप से पुनरूपस्थित करना अथवा इसके पुनरूपस्थापन के लिए प्राधिकृत करना।"	पृष्ठ 6 (क) (नया)
3.	**श्रीमती वीणा वर्मा** पृष्ठ 7, पंक्ति 19 "उपधारणा की जाएगी" **के स्थान पर** "माना जाएगा" प्रतिस्थापित करें [यह संशोधन अनावश्यक हो गया था क्योंकि श्री रामेश्वर पाटीदार द्वारा पृष्ठ 7 में पंक्ति 18-21 के स्थान पर पृष्ठ 7 में पंक्ति 23-24 को प्रतिस्थापित करने हेतु प्रस्तावित संशोधन को समिति ने स्वीकार कर लिया था।]	8

1	2	3
4.	पृष्ठ 11, पंक्ति 16 ''अधिकार के'' के बाद ''प्रभाव'' जोड़ें	14
5.	पृष्ठ 12, पंक्ति 10 ''प्रसारण'' के बाद जोड़े ''अथवा प्रस्तुतीकरण की''	15

सत्रह

सत्रहवीं बैठक

12.8.1993

समिति की बैठक गुरुवार, 12 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे से 16.00 बजे तक समिति कमरा सं॰ 50, प्रथम तल, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रज़ी — **सभापति**

सदस्य

लोक सभा

2. श्री ई॰ अहमद
3. श्री आनन्द अहिरवार
4. श्रीमती दिल कुमारी भंडारी
5. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
6. श्री शरद दिघे
7. श्री जय प्रकाश
8. श्री श्याम लाल कमल
9. श्री एम॰ कृष्ण स्वामी
10. प्रो॰ (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
11. श्री बीर सिंह महतो
12. श्री रामेश्वर पाटीदार

राज्य सभा

13. श्री एस॰ बिडुतलै विरूम्भी
14. श्री विश्वजित पी॰ सिंह
15. श्री इकबाल सिंह

सचिवालय

1. श्री आर॰ के॰ चटर्जी — **उप सचिव**
2. श्री राम अवतार राम — **अवर सचिव**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

1. श्री वाई॰ एन॰ चतुर्वेदी — **अपर सचिव**
2. श्रीमती वी॰ लक्ष्मीरेड्डी — **निदेशक**

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए॰ सी॰ सी॰ उत्री — **अपर सचिव**
2. श्री एस॰ पी॰ कंवल — **उप-विधायी परामर्शदाता**

2. सभापति ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और संशोधनों की सूचनाओं में दिए गए कतिपय सामान्य सुझावों को समिति के समक्ष रखा। समिति ने सुझाव के निम्नलिखित भाग को छोड़कर अन्य सुझावों को स्वीकार नहीं किया और इच्छा व्यक्त की कि इसे समिति के प्रतिवेदन में शमिल किया जा सकता है:—

* "संशोधन इस बात को मान्य ठहराने के लिए किया जाना चाहिए कि यद्यपि नाटक अथवा संगीत संबंधी कार्य को एक सिनेमेटोग्राफ फिल्म में शमिल करने की अनुमति दे दी गई है, ऐसे नाटक अथवा संगीत संबंधी कार्य का रचयिता ऐसे कार्य के प्रतिलिप्यधिकार का स्वामी बना रहेगा और साथ ही इसके पास ऐसी सिनेमेटोग्राफ फिल्म के माध्यम से इसके सार्वजनिक प्रदर्शन के अधिकार भी होंगे।"

---

*अन्ततः समिति द्वारा अस्वीकार कर दिया गया।

3. जिन सुझावों पर विचार किया गया था और जिनका समिति ने अनुमोदन नहीं किया था वे अनुबंध में दिए गए हैं।

4. समिति ने अपनी अगली बैठक कल अर्थात् शुक्रवार, 13 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे समिति द्वारा अनुमोदित संशोधनों को शामिल करते हुए विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा तैयार और समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए संशोधित विधेयक पर विचार करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

अनुबंध

लोक सभा सचिवालय

समिति शाखा-दो

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति

समिति की 12 अगस्त, 1993 को हुई बैठक में सदस्यों से प्राप्त उन संशोधनों की सूची जिन पर विचार किया गया किन्तु जिन्हें स्वीकार नहीं किया गया।

(दिनांक 12.8.93 के कार्यवाही सारांश का पैरा 3 देखिए)

सामान्य सुझाव

1. श्री रामेश्वर पाटीदार

धारा 2 के खंड (ञ) में अंत:स्थापित किए जाने वाले सुझाव

"धारा (2) के खंड (ञ) को यह स्पष्ट करने के लिए और अधिक स्पष्ट बनाने के लिए कि "ऐकान्तिक अनुज्ञप्ति" प्रतिलिप्यधिकार के केवल उसी भाग से संबंधित होगी जो किसी समनुदेशिष्ट को समनुदिष्ट किया गया और जब तक समनुदेशिती अपने प्रतिलिप्यधिकार के समग्र वर्णक्रम को छोड़ नहीं देता, प्रतिलिप्यधिकार के समग्र वर्णक्रम से संबंधित नहीं होगी।

2. नए संशोधन का सुझाव

"एक प्रावधान किया जाना चाहिए कि जब पंजीकृत कार्य में प्रतिलिप्यधिकार दिया जाता है, समनुदेशकर्ता के, जिसके न कर पाने की स्थिति में, समनुदेशिती पंजीयक को ऐसे समनुदेशन का नोटिस देगा और उस दस्तावेज की एक प्रति भी प्रेषित करेगा, जिसके द्वारा ऐसा अधिकार दिया गया है इससे यह सुनिश्चित होगा कि रजिस्टर अद्यतन है और वर्तमान स्थिति को ठीक से दिखाता है।

3. प्रतिबंधकारी समनुदेशन

"विधि को यह मान्यता देनी चाहिए कि जब कोई संगीतकार किसी चलचित्र दर्शी फिल्म अथवा ध्वनि रिकार्डिंग में शामिल करने के लिए कोई गीत रचता है तो वह ऐसा केवल उसी प्रयोजन के लिए करता है और वह चलचित्रदर्शी फिल्म अथवा ध्वनि रिकार्डिंग के विनिर्माता को केवल अपनी फिल्म अथवा रिकार्डिंग के लिए उसकी रचना का उपयोग करने का अधिकार देता है।

4. श्रीमती वीणा वर्मा

अधिनियम में सुझाए गए नए संशोधन

धारा 63 (ग) के उल्लेख का समावेश करने के लिए मूल अधिनियम की धारा 64 (1) को संशोधित किया जाए ताकि कम्प्यूटर कार्यक्रमों की उल्लंघनकारी प्रतियां भी जब्त की जा सकें।

अठारह

अठारहवीं बैठक

13.8.1993

समिति की बैठक शुक्रवार, 13 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे से 16.00 बजे तक समिति कमरा सं० 50, प्रथम मंजिल, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी—**सभापति**

सदस्य

लोक सभा

2. श्री ई० अहमद
3. श्री गुरचरण सिंह दादाहूर
4. श्री प्रबीन डेका
5. श्री शरद दिघे
6. श्री श्याम लाल कमल
7. प्रो० (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
8. श्री साइमन मरान्डी
9. श्री रूपचंद पाल
10. श्री रामेश्वर पाटीदार

राज्य सभा

11. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल
12. श्री विश्वजित पी० सिंह
13. श्रीमती वीणा वर्मा
14. श्री इकबाल सिंह
15. श्री जी० स्वामीनाथन

सचिवालय

1. श्री आर० के० चटर्जी — उप सचिव
2. श्री राम अवतार राम — अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

श्री वाई० एन० चतुर्वेदी — अपर सचिव

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए० सी० सी० उन्नी — अपर सचिव
2. श्री एस० पी० कंवल — उप-विधायी परामर्शदाता

समिति ने विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये विधेयक में कुछ संशोधनों में परिवर्तनों पर विचार किया और उन्हें अनुमोदित किया (परिवर्तित संशोधन अनुबंध में दिये गये हैं)।

2. समिति ने समिति द्वारा प्रतिवेदित विधेयक तथा उस पर प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार किया तथा उसे स्वीकृत करने के लिये अपनी अगली बैठक, गुरूवार 19 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे करने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात् समिति की बैठक स्थगित हुई।

अनुबंध

प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 संबंधी संयुक्त समिति

क्रम सं०	परिवर्तित संशोधनों का पाठ	खंड सं०
1.	(थ थ) 'प्रस्तुत कर्त्ता'' के अंतर्गत है कोई अभिनेता, गायक, संगीतज्ञ, नर्तक, कलाबाज, बाजीगर, जादूगर, सपेरा, व्याख्यान देने वाला व्यक्ति या कोई अन्य व्यक्ति जो कोई प्रस्तुतीकरण करता है।	2
	''(2क) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी भी अन्य बात के होते हुए इस अधिनियम के अंतर्गत बनाये गये किसी भी नियम के अंतर्गत प्रतिलिप्यधिकार बोर्ड को अध्याय पांच के अधीन किसी साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमय और कलापूर्ण कार्य के प्रतिलिप्यधिकार समाप्त करने से पहले यह निर्धारित करने की शक्ति प्राप्त है कि क्या ऐसा कार्य पर्याप्त महत्व रखता है जिससे वह राष्ट्रीय धरोहर का अंग बन सके और जहां प्रतिलिप्यधिकार यह निर्धारित करता है कि उस कार्य को राष्ट्रीय धरोहर का अंग बनने की पर्याप्त क्षमता है, इस अधिनियम के अंतर्गत बनाये गये किसी भी नियम के अध्यधीन, ऐसे कार्य के प्रतिलिप्यधिकार की समयावधि को उसकी समाप्ति की तिथि से 20 वर्ष से अनधिक और आगे बढ़ाने का आदेश देगा और इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ उक्त कार्य में प्रतिलिप्यधिकार की समयावधि तदनुसार बढ़ा दी जायेगी।''	12(2) (क)
3.	किसी कार्य में प्रतिलिप्यधिकार का समनुदेशन इसके चले रहने के दौरान लेखक के अथवा उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को देय रायल्टी की राशि भी विनिर्दिष्ट करेगा और इस समनुदेशन में पक्षकारों द्वारा पारस्परिक रूप से स्वीकृत शर्तों पर संशोधन किया जा सकेगा, समयावधि को बढ़ाया जा सकेगा अथवा समाप्त किया जा सकेगा।''	(19) (2)
4.	साहित्यिक, नाटकीय, कलापूर्ण कार्य, चलचित्र दर्शी फिल्म और ध्वनि रिकार्डिंग के मामले में, यदि उपधारा (1) के अंतर्गत दिए गए अधिकार विनिर्दिष्ट न हों, तो यह माना जायेगा कि समनुदेशक ने अपने कार्य में उन सभी प्रतिलिप्यधिकारों, जो उसे दिए गए हैं, को अपने पास सुरक्षित रखा है।''	(19) 3 (क)
5.	संगीतमय कार्यों के मामले में, यदि उपधारा (1) में दिए गए अधिकार विनिर्दिष्ट न हों, तो यह माना जायेगा कि संगीतमय कार्यों के रचयिता ने समनुदेशिती को केवल समग्र रूप से एक चलचित्रदर्शी फिल्म अथवा एक ध्वनि रिकार्डिंग के रूप में तैयार किए जाने वाले अपने कार्य के संबंध में एक चलचित्र फिल्म बनाने अथवा एक ध्वनि रिकार्डिंग के लिए ही अधिकार दिया है और अन्य सभी अधिकार वह अपने पास रखता है।''	19 (3) (ख)
6.	इस धारा की किसी उप धारा के अंतर्गत समनुदेशिती को दिए गए अधिकारों का समनुदेशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि में यदि उसके द्वारा उपयोग नहीं किया जाता, तो यह माना जायेगा कि उक्त अवधि के समाप्त होने के बाद ऐसे सभी अधिकारों का समनुदेशन व्यपगत हो गया है।''	19 (3) परन्तुक
7.	''परन्तु यह भी कि प्रतिलिप्यधिकार धारक को व्यक्तिगत रूप से अपनी कृतियों के संबंध में अनुज्ञप्तियां प्रदान करने का अधिकार बना रहेगा।	11, पृ०8 , पंक्ति 19 के बाद
8.	''और प्रत्येक ऐसी सोसाइटी प्रतिलिप्यधिकार (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1993 के लागू होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि में अपने को पंजीकृत कराएगी।''	11, पंक्ति 22 के बाद

उन्नीस

उन्नीसवीं बैठक

19.8.1993

समिति की बैठक गुरुवार, 19 अगस्त, 1993 को 15.00 बजे से 16.00 बजे तक राज्य सभा के सभापति के समिति कमरा संख्या 67, पहली मंजिल, संसद भवन, नई दिल्ली में हुई।

उपस्थित

श्री सैयद सिब्ते रजी—सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. डा॰ एफ॰ आजम
3. श्रीमती दिल कुमारी भण्डारी
4. श्री शरद दिघे
5. श्री श्याम लाल कमल
6. प्रो॰ (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन
7. श्रीमती गीता मुखर्जी
8. श्री रूपचन्द पाल
9. श्री रामेश्वर पाटीदार
10. श्री के॰ जी॰ शिवप्पा

राज्य सभा

11. श्री दिनेशभाई त्रिवेदी
12. डा॰ संजय सिंह
13. श्री विश्वजित पी॰ सिंह
14. श्रीमती वीणा वर्मा
15. श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी

सचिवालय

1. श्री एस॰ सी॰ गुप्ता—संयुक्त सचिव
2. श्री राम अवतार राम—अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

श्री वाई॰एन॰ चतुर्वेदी—अपर सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि

1. श्री ए॰ सी॰ सी॰ उन्नी—अपर सचिव
2. श्री एस॰ पी॰ कंवल—उप-विधायी परामर्शदाता

2. सभापति ने समिति की बैठक में सदस्यों का स्वागत किया। सभापति ने, विधेयक का उल्लेख करते हुए, समिति द्वारा यथा संशोधित विधेयक, तथा प्रारूप प्रतिवेदन के संबंध में सुझाव, यदि कोई हैं, मांगे।

3. समिति ने विधेयक पर विचार किया और उसे यथासंशोधित रूप में स्वीकार कर लिया।

4. इसके पश्चात् समिति ने प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया।

5. सभापति महोदय ने टिप्पणी की कि समिति का प्रतिवेदन समिति में बहुमत से लिए गये निर्णयों पर आधारित है किन्तु, फिर भी यदि कोई सदस्य प्रतिवेदन अथवा उसके किसी एक भाग से असहमत है, तो विधेयक अथवा प्रतिवेदन में की गई चर्चा से सम्बंधित किसी मामले

पर विमत टिप्पण दे सकता है। इसके बाद सभापति महोदय ने विमति टिप्पणों के संबंध में अध्यक्ष के निर्देशों के निदेश 87 में अंतर्विष्ट प्रावधानों की ओर सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया और यह घोषणा की कि विमति टिप्पण, यदि कोई है, तो उसे लोक सभा सचिवालय को शुक्रवार, 20 अगस्त, 1993 को 17.00 बजे तक भेज दिया जाये और इसे समिति ने स्वीकार कर लिया था।

6. समिति ने प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने ओर साक्ष्य के रिकार्ड को 24 अगस्त, 1993 को सभा पटल पर रखने के लिए सभापति महोदय को प्राधिकृत किया।

7. समिति ने विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) के विधायी सलाहकार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के अधिकारियों द्वारा किए गए सहयोग और सहायता के लिए उनकी प्रशंसा की।

8. समिति ने लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम और बहुमूल्य सहायता के लिए उनकी प्रशंसा की और उनको धन्यवाद दिया।

9. सभापति महोदय ने समिति की कार्यवाही को अत्यधिक सौहार्दपूर्ण बातावरण में चलाने में उन्हें दिए गए पूर्ण सहयोग के लिए समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया।

10. समिति के सदस्यों ने, समिति की कार्यवाही को योग्यतापूर्ण और निष्पक्षतापूर्ण ढंग से चलाने और विधेयक की विभिन्न अवस्थाओं में उनके विचारों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभापति महोदय का हार्दिक आभार व्यस्त किया।

तत्पश्चात समिति की बैठक स्थगित हुई।

MGIP(PLU)MRND—3585LS—21-9-93—11 00

© 1993 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय को प्राप्त

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन संबंधी नियमों (सातवां संस्करण) के नियम 382 के अन्तर्गत प्रकाशित तथा प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, (फोटोलिथो यूनिट) मिन्टो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।